रोहतक
बुधवार, 2 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 152
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 35.2
न्यून. 23.1

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,697.29 | 90.83 ▲ |
| निफ्टी | 25,541.80 | 24.75 ▲ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 98,670/- | 1200/- ▲ |
| चांदी | 1,04,800/- | 2000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.51 | 25 पैसे ▲ |

कूड ऑयल 66.56/ बैरल 0.22% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### रेलवन एप, एक प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवन मोबाइल एप लॉन्च किया है। इसका मकसद यात्रियों को एक ही प्लेफॉम पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इससे टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं व भोजन बुकिंग जैसी सेवाओं तक आसान पहुंच होगी। यह ऐप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस ऐप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। भाषा

### आई लव यू कहना यौन उत्पीड़न नहीं : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है। भाषा

### कोलकाता रेप केसः तीनों आरोपित कॉलेज से निकाले

**कोलकाता।** 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के प्राधिकारियों ने कॉलेज की छात्रा से गैंगरेप के प्रमुख आरोपित की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। भाषा

## केंद्र सरकार के अहम फैसले : रिसर्च, रोजगार और खेल पर फोकस

# नई खेल नीति को मंजूरी, ईएलआई से मिलेंगी 3.5 करोड़ नौकरियां

1. नई खेल नीति से देश खेल महाशक्ति बनेगा, जल्द ही दुनिया के टॉप 5 खेल राष्ट्रों में शामिल होगा भारत
2. ईएलआई योजना के तहत 1.07 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे, देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे
3. अनुसंधान, विकास और नवाचार पर 1 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे, निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ेगा
4. तमिलनाडु में परमकुडी रामानाथपुरम और नेशनल हाईवे फोर लेन बनाया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में चार अहम फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसलों के बारे में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई), खेल से जुड़ी खेलो भारत नीति, रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अलावा तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे को चार लेन का बनाने के लिए मंजूरी दी। नई खेल नीति के तहत विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच राष्ट्रों में लाने के लिए तैयार करना है। वहीं, इसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। दूसरी तरफ, सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी। योजना का लक्ष्य 2 वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इस पर कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय किया जाएगा।

### पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मियों को 15000 रुपये वेतन

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन 15,000 रुपये तक मिलेगा। वहीं, नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। योजना में दो भाग हैं, भाग 'ए' पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों पर केंद्रित है तथा भाग 'बी' नियोक्ताओं पर केंद्रित है।



### शोध एवं विकास

भारत के रिसर्च एंड डेवलेपमेंट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को मंजूरी दे दी है। आरडीआई योजना का उद्देश्य आरडीआई में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्त प्रदान करना है। यह योजना निजी क्षेत्र के वित्तपोषण में बाधाओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए डिज़ाइन की गई है और नवाचार को सुविधाजनक बनाने, प्रौद्योगिकी को अपनाने को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों को विकास और जोखिम पूंजी प्रदान करने का प्रयास करती है।

### नई 'खेलो भारत' नीति

नई राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी। यह एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देना और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना है। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 की जगह लेती है, साथ ही भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप पेश करती है। इसका मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल करना है। यह हमारा मुख्य उद्देश्य है।' भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा जता चुका है जिसके लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों को देश में लाने पर बड़े पैमाने पर जोर दिया गया है।

**तमिलनाडु को तोहफा**

मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु में परमाकुडी-रामनाथपुरम खंड के 4-लेन निर्माण को मंजूरी दी। खंड की कुल लंबाई 46.7 किमी है और परियोजना लागत 1,853 करोड़ रुपये है। दक्षिणी तमिलनाडु के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स नोड्स को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

## प्रदेश सरकार ने ज़रूरतमंद परिवारों की बेटियों को दी सौगात

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में अब 51,000 रुपये मिलेंगे

विवाह के छह महीने के अंदर रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी | प्रदेश में 16.65 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ | 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले होंगे पात्र

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने गरीब और ज़रूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और अहम फैसला लिया है। सरकार ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि 10,000 रुपये बढ़ाकर 51,000 रुपये कर दी है। पहले यह राशि 41,000 रुपये थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले करीब 16.65 लाख परिवारों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह हेतु, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी हेतु और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो को भी अब 51,000 रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी।



### इन्हें मिल रहा समर्थन

अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71,000 रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। वहीं, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51,000 रुपये दिए जाते हैं। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51,000 रुपये की सहायता राशि मिलती है।

### आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन

योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। आवेदक **shadi.edisha.gov.in** पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## सूरजमुखी की खरीद अब 3 जुलाई तक होगी

**सरकार ने किसानों के हित में लिया फैसला**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने सूरजमुखी की खरीद की अवधि को तीन दिन और बढ़ाते हुए किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। अब सूरजमुखी की खरीद 3 जुलाई तक हो सकेगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष जून माह में बारिश होने से सूरजमुखी फसल की देरी से कटाई हुई जिसके फलस्वरूप किसानों द्वारा फसल मंडी में न्यूनतम मूल्य पर बेचने हेतु विलम्ब हुआ है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने यह निर्णय लिया गया है। सरकार के इस निर्णय से किसानों को राहत मिली है। राज्य में दो खरीद संस्थाओं हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा सूरजमुखी की खरीद का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के दौरान 47300 एम.टी. सूरजमुखी की खरीद की जा चुकी है। जबकि पिछले वर्ष 38903 एम.टी. की खरीद की गई थी।

## सीईटी के सामान्य श्रेणी में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत

**परिणाम घोषित होने से पहले जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने का मौका मिलेगा**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में ग्रुप-सी पदों के लिए प्रस्तावित कामन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) में जाति प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पाने के कारण सामान्य श्रेणी में आवेदन करने वाले वाले अभ्यर्थियों को राहत मिल गई है। हाईकोर्ट में सरकार ने आश्वासन दिया कि परिणाम घोषित होने से पहले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र अपलोड करने का मौका मिलेगा। सरकार ने स्पष्ट किया कि इसका लाभ केवल उन अभ्यर्थियों को ही मिलेगा, जिन्होंने आवेदन की अंतिम तिथि से पहले सरल पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र अप्लाई किया था। कुछ अभ्यर्थियों ने मांग की थी कि जिन्हें तकनीकी बाधाओं के कारण आवेदन का मौका नहीं मिल सका, उनके लिए पोर्टल दोबारा खोला जाए। लेकिन हाईकोर्ट ने ओटीपी देर से आने या ना आने की मांग के आधार पर पोर्टल खोलने की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब लाखों अभ्यर्थियों के आवेदन हो सकते है उनका क्यों नहीं हुआ। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को 5 सितम्बर के लिए नोटिस जारी किया है।

### सीईटी पोर्टल दोबारा खोलने की मांग खारिज



**सिर्फ उन अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा जिन्होंने पोर्टल पर अंतिम तिथि से पहले प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था**

## यात्री सेवाओं में कर सकेंगे निजी बाइक का इस्तेमाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने यात्री सेवाओं के लिए निजी (गैर-परिवहन) मोटरसाइकिल के इस्तेमाल को मंगलवार को मंजूरी दे दी और कहा कि यह राज्य सरकार की स्वीकृति पर निर्भर करेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025' में कहा कि इन नए दिशानिर्देशों में उपयोगकर्ता की सुरक्षा और चालक के कल्याण के मुद्दों पर ध्यान देते हुए एक हल्की-फुल्की नियामक प्रणाली निर्धारित करने का प्रयास किया गया है। दिशानिर्देश में कहा गया है, राज्य सरकार एग्रीगेटर्स के माध्यम से यात्री सेवाओं के लिए गैर-परिवहन मोटरसाइकिल के इस्तेमाल को मंजूरी दे सकती है, जिसके परिणामस्वरूप यातायात की भीड़ और वाहन प्रदूषण में कमी आएगी।

## तेलंगाना फैक्टरी धमाके में अब तक 36 की मौत

**मलबे से 31 शव निकाले**

**एक दिन पहले रिएक्टर यूनिट में हुआ था धमाका**

**संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में दवा फैक्टरी में हुए धमाके में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। फैक्टरी से 31 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, अस्पताल में 5 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हैं। संगारेड्डी के एसपी परितोष पंकज ने यह जानकारी दी है। 30 जून को फैक्टरी की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हुआ था। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था।

### तमिलनाडू में 5 की मौत

तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ, सूत्रों के मुताबिक, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## सकल जीएसटी संग्रह जून में 6.2% बढ़कर 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा।

## अब जयशंकर ने किया भारत-पाक सीजफायर पर ट्रंप का दावा खारिज

**विदेश मंत्री बोले-जंग रोकने की वजह यूएस ट्रेड नहीं पाक डीजीएमओ का फोन आया था**

# हमें आतंक के खिलाफ कार्रवाई का पूरा हक, इसका इस्तेमाल करते रहेंगे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका में कहा कि भारत को आतंक के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा हक है। भारत इस अधिकार का इस्तेमाल करता रहेगा। वे वॉशिंगटन डीसी में मंगलवार को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, आतंकवाद के पीड़ित और आतंक फैलाने वालों को कभी एक जैसा नहीं देखा जाना चाहिए। इससे पहले जयशंकर ने अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए कहा था कि भारत-पाकिस्तान सीजफायर में अमेरिका के साथ व्यापार का कोई संबंध नहीं है। जयशंकर ने कहा- 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। मैं भी उस दौरान उसी कमरे में था। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न करते हुए कहा था-हमले का जवाब दिया जाएगा। जंग रोकने के लिए पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से संपर्क किया और सीजफायर की रिक्वेस्ट की थी। तब भारत माना।

### जयशंकर बोले-कूटनीति और व्यापार संबंधी चर्चा अलग

जयशंकर ने कहा-घटनाक्रम उस तरह से नहीं हुआ था। कूटनीति और व्यापार संबंधी चर्चा पूरी तरह से अलग है। मुझे लगता है कि व्यापार से जुड़े लोग वही कर रहे हैं जो उन्हें करना चाहिए, जैसे-नंबर, लाइनों, प्रोडक्ट्स और व्यापार समझौता। वे सभी इसके प्रोफेशनल हैं और फोकस्ड हैं।



### यह कहा था ट्रंप ने

दरअसल, 10 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की सबसे पहली सूचना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने एक्स पोस्ट के जरिए दी थी। ट्रम्प ने कई मौके पर कहा कि भारत-पाकिस्तान को व्यापार न करने की धमकी दी थी, इसके बाद दोनों देश सीजफायर के लिए माने।





मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - **निफ्टी 50** (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या **निफ्टी 100** (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यवर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## खबर संक्षेप



### कल्याण ने सम्मेलन की तैयारी का निरीक्षण किया

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को मानेसर स्थित आईसीएटी परिसर का दौरा कर 3 और 4 जुलाई को आयोजित होने जा रहे देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। कल्याण ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर पार्किंग, भोजन प्रबंधन, ट्रैफिक संचालन, आगमन व निकास मार्गों, बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम संचालन, लिफ्ट की क्षमता व परीक्षण जैसे सभी पहलुओं का जायजा लिया।

### एचएसवीपी की ऑनलाइन सेवा बनी परेशानी : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि जब से भाजपा सरकार ने पोर्टल-पोर्टल खेलना शुरू किया है तबसे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फेमिली आईडी की त्रुटियों अभी तक दूर नहीं हो पाई है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की आईडी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। ऐसे में जनता को प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियों से राहत दिलाना जरूरी है। सैलजा ने कहा है कि परिवार पहचान पत्र आज तक परेशानी का सबब बना हुआ है।

'इग्नू का उद्देश्य कौशल एवं ज्ञान आधारित शिक्षा देनाः **चंडीगढ़।** इग्नू के प्रवक्ता ने बताया कि इग्नू का उद्देश्य रिमोट एरिया, देहात के विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना है। हम कम लागत वाली केंद्रित शिक्षा प्रणाली पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### अंबाला में बिजली निगम के अधिकारी पर मंत्री अनिल विज ने लिया एक्शन

# क्लब में लोअर-टीशर्ट और चप्पल पहनकर आए एक्सईएन बाहर निकाला तो कटवा दिया कनेक्शन, विज ने सस्पेंड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम के एक्सईएन हरीश गोयल को सस्पेंड कर दिया है। एक्सईएन पर आरोप है कि वे सोमवार रात को फीनिक्स क्लब में लोअर-टीशर्ट और चप्पल पहनकर पहुंचे गए थे। जब क्लब के स्टाफ ने इस पर आपत्ति जताई तो उन्होंने क्लब का बिजली कनेक्शन कटवा दिया। हालांकि एक्सईएन ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। मंगलवार सुबह क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र खन्ना ने मंत्री अनिल विज से इस मामले को लेकर शिकायत दी गई। इसके बाद विज ने एक्सईएन को सस्पेंड करने के आदेश दिए। क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र खन्ना ने बताया कि एक्सईएन हरीश गोयल उनके क्लब में रात को आठ बजे आए। इस दौरान उन्होंने लोअर-टीशर्ट और चप्पल पहन रखी थी। इस पर क्लब के दो कर्मचारियों ने ड्रेस कोड की जानकारी देते हुए उनको अंदर जाने से मना कर दिया। फिर भी एक्सईएन किसी और अन्य रास्ते से अंदर पहुंच गए। खन्ना के मुताबिक, इसके बाद एक्सईएन क्लब में बने बार में भी इसी अवस्था में चले गए। उनके साथ एक शख्स और था जो निक्कर-टीशर्ट पहने हुए था। इसके बाद क्लब के मैनेजर और अन्य स्टाफ ने उनको बाहर निकलने के लिए कहा तो वे जिद करने लगे। मगर स्टाफ ने उनको बाहर निकाल दिया। शैलेंद्र खन्ना ने बताया कि एक्सईएन हरीश गोयल ने रात करीब 11:30 बजे क्लब के मैनेजर को कॉल किया। कहा कि 'क्या बात है आपकी लाइट चली गई? जनरेटर चल रहा है? अब कैसा लग रहा है? इसके बाद मैनेजर ने क्लब के अध्यक्ष को कॉल किया और जानकारी दी। स्टाफ ने भी बाहर आकर देखा तो ट्रांसफॉर्मर से तार ही काट दिए गए थे। आरोप लगाया कि एक्सईएन ने यह बदले की भावना से किया है।

***आरोप : क्लब का बिजली कनेक्शन कटवाने के बाद एक्सईएन ने मैनेजर को किया कॉल, कहा बिना लाइट के कैसा लग रहा है***

#### 50 परिवार खाना खा रहे थे, अचानक गई बिजली

खन्ना ने शिकायत में यह भी बताया कि जिस वक्त क्लब की लाइट काटी गई उस वक्त करीब 50 परिवार अंदर खाना आदि खा रहे थे। अचानक लाइट जाने पर थोड़ा व्यवधान पैदा हुआ। तुरंत ही क्लब स्टाफ ने एमरजेंसी लाइट व्यवस्था चालू कर दी जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि उनके क्लब में फॉर्मल ड्रेस में ही एंट्री अलाउड है। यदि कोई इसके अलग आता है तो उसे आराम से प्वाइंट आउट कराकर ड्रेस कोड में आने के लिए कहा जाता है। ऐसा ही इस मामले में भी हुआ। एक्सईएन और उसके साथ आए व्यक्ति को स्टाफ के लोगों ने ठीक कपड़े पहनकर आने के लिए कहा था लेकिन एक्सईएन इस मामले को काफी सीरियस ले गए।

#### जांच को तैयार हूं

सस्पेंड हुए एक्सईएन हरीश गोयल ने कहा कि वह क्लब में पहुंचे थे, लेकिन स्टाफ की आपत्ति के बाद वह बाहर निकल आए। इसके बाद उन्होंने मैनेजर को लाइट का हाल पूछने के लिए कॉल किया था। उनका इस मामले में कोई भी रोल नहीं है, उनको जबरदस्ती फंसाया जा रहा है। गोयल ने कहा कि वह जांच के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक निलंबन संबंधी कोई भी लेटर प्राप्त नहीं हुआ है।

## नए पोर्टल से भूमि सीमांकन की सुविधा मिलेगी

**चंडीगढ़।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार भूमि सीमांकन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए एक नया डिजिटल पोर्टल शुरू करने जा रही है।

यह पहल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 'डिजिटल हरियाणा' विजन और पहले से चल रहे भूमि प्रशासन सुधारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस नागरिक-केंद्रित पोर्टल का उद्देश्य भूमि सीमांकन को आधुनिक और डिजिटल बनाना है, जिससे पारंपरिक देरी और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर किया जा सके।

## ट्रांसफर पर फिलहाल रोक, परिवहन, ऊर्जा और श्रम विभाग में नहीं होंगे तबादले

**चंडीगढ़। (ब्यूरो)** हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने अपने तीनों विभागों परिवहन विभाग, श्रम और ऊर्जा विभाग में ऑनलाइन तबादलों की मुहिम शुरु होने तक तबादलों पर रोक लगा दी है। आए दिन अपने प्रार्थना पत्र लेकर आने वालों को अब ऑनलाइन व्यवस्था होने की सूरत में ही आवेदन देने होंगे। वह भी ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। विज ने एक ट्वीट कर साफ कर दिया है कि जब तक ऑनलाइन की प्रक्रिया की शुरुआत नहीं हो जाती है, तब तक के लिए तबादलों पर रोक लगा दी गई है। सरकार ने तबादलों में पारदर्शिता और पिक एंड चूज से बचने के लिए यह कदम उठाया है। इसको लेकर सरकार की ओर से पचास से अधिक संख्या वाले विभागों में इसे लागू करने का एलान कर दिया गया है। बता दें कि पूर्व सीएम मनोहरलाल के वक्त में सबसे पहले शिक्षा विभाग में इसकी शुरुआत हुई थी। जिसके बाद में बाकी विभागों सेहत विभाग और गृह विभाग, कृषि विभाग, उच्च शिक्षा अन्य दर्जनों विभागों में लागू नहीं हो सकी है।


## विषय वस्तु विशेषज्ञ के कार्यालय, सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में मिनी ट्रैक्टर हेतु उपकरणों की खरीद के लिये उद्धरण आमंत्रण हेतु सूचना

फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) हेतु उपकरणों की खरीद के लिये पंजीकृत कम्पनियों / आपूर्तिकर्ताओं / सेवा प्रदाता एजेंसियों से मोहरबंद उद्धरण आमंत्रित करता है।

**उपकरणों/पावर स्प्रेयर के विवरण निम्नानुसार हैं :-**

| क्र. सं. | उपकरणों/ पम्प का नाम | विशिष्टि | मात्रा | मूल्य ( सभी पात्र करों समेत ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मिनी पावर वीडर | इंजन : पैट्रोल 4 स्ट्रोक<br>पावर आउटपुट : 4-5 एचपी<br>कार्य चौड़ाई समायोजन योग्य : 15/18/24 इंच तक<br>वर्किंग गहराई : 3-5 इंच | 1 | |
| 2. | इलैक्ट्रिक पावर स्प्रेयर | इलैक्ट्रिकल पावर प्रैशर स्प्रेयर :<br>मोटर :- इंजन रेटेड पावर - 2.0 एचपी कॉपर वाइंडिंग में (आईएसआई मार्क) पम्प के साथ जोड़ने के लिए डबल बैल्ट सहित, वर्किंग प्रैशर - 10-40 कि.ग्रा./सेमी.$^2$, डिस्चार्ज-10-22 एलपीएम, एक्सेसरीज :- होज पाइप-60 मी. (2 बंडल 30 मी. प्रत्येक के जो आपस में जोड़े जा सकें), सक्शन पाइप - 3 मी., इलैक्ट्रिक वायर - 50 मी. लम्बाई के कॉपर वायर 2 मि.मी., टूल 1 किट, स्प्रे गन-समायोजनयोग्य नोजल्स सहित। जहां आवश्यकता हो गति देने के लिए आयरन फ्रेम में असैम्बल किया जाने वाला पम्प। *टिप्पणी - इलैक्ट्रिकल स्प्रे पम्प और मोटर हैवी ड्यूटी आयरन फ्रेम पर स्थापित की जानी है। | कम्प्लीट असैम्बली | |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. बोलीदाता अपेक्षित सभी सम्बन्धित दस्तावेज अर्थात पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट और अन्य कर (जो लागू हो) प्रदान करेंगे।
2. बोलीदाता सुनिश्चित करेंगे कि उपकरणों को बनाने में उपयोग की जाने वाली सामग्री बढ़िया गुणवत्ता की अवश्य होनी चाहिए।
3. बोलीदाता सिंगल इम्पलीमेंट अथवा पम्प के लिए बोली दे सकते हैं।
4. बोलीदाता को फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) में उपकरणों की आपूर्ति और डिलीवरी करनी होगी।
5. मोहरबंद उद्धरण विषय वस्तु विशेषज्ञ के कार्यालय, सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में दिनांक 09.07.2025 दोपहर 12.00 बजे तक या इससे पूर्व जमा करवाएं/पहुंच जाने चाहिएं।
6. उद्धरण तब तक वैध है जब तक की सभी वर्णित उपकरणों हेतु निविदा प्रक्रिया को अन्तिम रूप नहीं दिया जाता।
7. अधिक विवरण हेतु 9671627548, 8683801977 पर सम्पर्क करें अथवा **coemunimpur@gmail.com** पर मेल करें।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ
सीओई, मुनीमपुर, झज्जर

पीआरडीएच-1149/11/859/2026/36125/88/6 दि. 01.07.25



### राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत, बोले

## 2029 तक एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर 3400 से अधिक करना सरकार का लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चंडीगढ़ में डेराबसी मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों को बेहतर संसाधन और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। 2014 में जहां मेडिकल कॉलेजों की संख्या मात्र 6 थी, वहीं आज यह बढ़कर 15 हो गई है और 9 नए कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके परिणामस्वरूप एमबीबीएस की सीटें 2014 में 700 से बढ़कर अब 2,185 हो चुकी हैं। राज्य सरकार का वर्ष 2029 तक एमबीबीएस की सीटें 3400 से अधिक करने का लक्ष्य है।



#### डॉक्टरों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार डॉक्टर्स-डे का थीम है, 'मास्क के पीछे देखभाल करने वालों की देखभाल'। हमारी डबल इंजन सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ पर हमला करने वालों को 3 माह से 5 साल तक की सजा और 50 हजार से 2 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान कराया है। कार्यक्रम में चंडीगढ़ मेयर हरप्रीत कौर बाबला, डेराबसी मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, सचिव डॉ. आकाश गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में डॉक्टर और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### बजट घोषणाओं के वादों को समय पर पूरा करें : सीएम

**चंडीगढ़।** बजट घोषणाओं की प्रगति बारे में बुलाई गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में किए गए सभी वादों को समय पर पूरा किया जाए ताकि प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। नायब सिंह सैनी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी अनटैप्ड सीवरेज या औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में प्रवाहित न हो, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर प्रभावी उपाय किए जाएं। प्रारंभिक चरण में अंबाला, कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर जिलों में इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन माह के भीतर इन जिलों में उल्लेखनीय सुधार किया जाए।

### प्रदेश का लिंगानुपात बढ़कर हुआ 906

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने बैठक में बताया कि लगातार प्रयासों से, हरियाणा का लिंगानुपात 1 जनवरी से 30 जून, 2025 की अवधि के दौरान 906 तक सुधर गया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

**अभियोग संख्या 220 दिनांक 19.06.25 धारा 127 (6) BNS थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम अनील पुत्र महेश निवासी अलावलपुर थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा
उम्र -30
कद - 5 फुट 8 इंच
हुलिया- रंग सावला, लम्बूतरा चेहरा, हस्ट पुस्ट कद 5.8 इंच दिनांक 04.06.2025 को अपने साथी सोनू उर्फ ओमप्रकास निवासी अलावलपुर के साथ धनबाद झारखण्ड चला गया था अनील पुत्र महेश निवासी अलावलपुर थाना धारूहेड़ा जिला रेवाडी हरियाणा पता न लगने बारे मे अभियोग पंजीकृत हुआ है जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है, यदि किसी थाना में किसी व्यक्ति को इस बारे सुचना प्राप्त होती तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना धारूहेड़ा रेवाड़ी 7056666125
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी 01274-242328, 9306952004
3. अनुसेधानकर्ता थाना धारूहेड़ा 9416578198

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

**अभियोग संख्या 115 दिनांक 19.03.25 धारा 127 (6) BNS थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम नीतू पत्नी जयप्रकाश निवासी वार्ड न. 10 देवनगर धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा
उम्र 31
कद - 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग सावला कद 5.2 ईंच
पहनावा- महरूम सूट सलवार पहने हुए दिनांक 16.03.2025 को नीतू पत्नी जयप्रकाश निवासी वार्ड न. 10 देवनगर धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा बिना किसी को बताये घर से चले जाने बारे अभियोग पंजीकृत हुआ है जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है, यदि किसी थाना में किसी व्यक्ति को इस बारे सुचना प्राप्त होती तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा

1. प्रबन्धक थाना धारूहेड़ा रेवाड़ी 7056666125
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी 01274-242328, 9306952004
3. अनुसेधानकर्ता थाना धारूहेड़ा 9416578198

पीआरडीएच-1084/11/3577/2026/36109/88/6 दि. 01.07.2025

## दि सोनीपत सह. चीनी मिल्स लि.; सोनीपत

### निविदा सूचना

निम्नलिखित मदों/जॉब वर्क/अनुबंधों की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित निर्माता/ वितरक/ फर्म/ व्यक्तिगत पंजीकृत/क्वालिफाइड आपूर्तिकर्ता से एकतरफा प्रणाली में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र.सं. | मदों का वर्णन |
|---|---|
| 1. | मिल हाउस और पावर हाउस आदि के सभी चेन ब्लॉक, स्लिंग्स, वायर रोप, ईओटी क्रेन्स की मरम्मत और कैलीब्रेशन |
| 2 | एयर ब्लोअर और स्पेयर्स की ओवरहालिंग और सर्विसिंग |
| 3 | एयर कंप्रेसर और ड्रायर्स की सर्विसिंग और एएमसी |
| 4. | फैक्ट्री के मुख्य ओवरहेड वाटर टैंक 03 अदद और यूजीआर टैंक 01 अदद की सफाई |
| 5. | वर्टिकल इंजेक्शन पंप का एएमसी और ओवरहालिंग। (2000 एम 3/एचआर. क्षमता) |
| 6. | बॉयलर के लिए लिए सी.आई. डोर्स और विंडोज की खरीद |
| 7. | बाहरी विशेषज्ञों से वर्कशॉप लेथ मशीन 04 अदद, शेपर मशीन 01 अदद की एएमसी और ओवरहालिंग |
| 8. | रबर फ्लैट बेल्ट्स के लिए अलग-अलग आकार के एमएस रोलर्स की खरीद (आरबीसी के लिए एमएस रोलर 90×1100 एमएम, आरबीसी के लिए एमएस रोलर 114×352 एमएम) |
| 9. | बाहरी विशेषज्ञों से निम्नलिखित उपकरणों मदों / औजारों की मरम्मत के सम्बन्ध में |
| 10 | 250 केवीए डीजी सेट (किर्लोस्कर मेक) की सर्विसिंग के बारे में |
| 11 | पावर हाउस और फाइब्राइजर के एसीबी'एस की सर्विसिंग और कैलीब्रेशन |
| 12. | 3 एमडब्ल्यू बीएचईएल अल्टरनेटर के लिए सेकेंडरी इंजेक्शन किट के माध्यम से प्रोटेक्शन रिलेज और मीटरिंग पैनल की सर्विसिंग, चेकिंग, परीक्षण और कैलिब्रेशन |
| 13 | 3 एमडब्ल्यू पावर टर्बाइन और मिल टर्बाइन ऑयल की सेंट्रीफ्यूजिंग फिल्ट्रेशन |
| 14. | एवीआर'एस पैनल्स की ओवरहालिंग/सर्विसिंग (बीएचईएल/ट्रिपोट मेक) |
| 15. | ऑफ सीजन 2025 के दौरान पावर टर्बाइन त्रिवेणी मेक के रोटर और अन्य पार्ट्स की सैंड ब्लास्टिंग। |
| 16. | i) पुराने रोलर की री-ग्रूविंग। (ii) टॉप और बॉटम रोलर्स पर शेवरॉन ग्रूव की कटिंग। |
| 17. | बटरफ्लाई वाल्व्स रबर सीट, ड्राइविंग गियर, पिन, फ्लैप इत्यादि की मरम्मत और बदलना। |
| 18. | एक वर्ष के लिए सबमर्सिबल मोटर पंप सेट की डिस्मेंटलिंग, रिपेयरिंग और लोरिंग का दर अनुबंध। |
| 19. | वेल्डिंग मशीन और स्पेयर की मरम्मत का ए.एम.सी. (एडोर मेक) |
| 20 | गैस हाइड्रोलिक एक्युमुलेटर की जांच / रिफिलिंग। (08 अदद) |
| 21. | जूस हीटर दोनों कवर्स की डिस्मेंटलिंग, वेल्डिंग, मशीनिंग, ग्राइंडिंग और फिटिंग के बारे में। |
| 22 | रबर फ्लैट बेल्ट्स की पुनः जोड़ने के लिए दर अनुबंध। |
| 23. | बॉयलर गेज ग्लास संबंधित स्पेयर्स की खरीद। |
| 24 | मिल के गन्ना फार्म से आईओसीएल के विनिर्देश के अनुसार रेत समतलीकरण द्वारा नई पेट्रोल पंप साइट को भरना |

निविदा जमा करवाने के सम्बन्ध में नियम एवं शर्तें, मदों की गुणवत्ता विशिष्टताओं के विवरण निहित निविदा दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध होंगे अथवा निविदा दस्तावेजों के विवरण हमारी वेबसाइट "sugarmillsonipat.in" पर भी 27.06.2025 तक अप. 03.00 बजे तक 100/- रुपए के नकद भुगतान अथवा हमारे बैंक खाता संख्या 01911450000424 में एच.डी.एफ.सी., मुख्य शाखा, सुभाष चौक, सोनीपत में आरटीजीएस/आईएफएससी कोड संख्या एचडीएफसी0000191 में जमा करके उपलब्ध होंगे। सभी तरह से पूर्ण निविदा प्रपत्र 'दि सोनीपत सह. चीनी मिल्स लि., सोनीपत' के पक्ष में 09.07.2025 को पूर्वा. 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवश्य पहुंच जाने चाहिए तथा निविदा दिनांक 09.07.2025 को पूर्वा. 10:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जाएंगी और नेगोसिएशन दिनांक 10.07.2025 को पूर्वा. 11:00 बजे होगी। यह सूचना केवल सूचनात्मक उद्देश्य के लिए जारी की जा रही है तथा इसको किसी भी तरीके से निविदा दस्तावेजों की शर्तों को परिवर्तन करने, बदलने अथवा संशोधन करने, चाहे जो भी हो, के लिए नहीं माना जाएगा।

हस्ता/- खरीद अधिकारी,
दि सोनीपत सह. चीनी मिल्स लि.; सोनीपत

संवाद-1039/11/85/2026/36112/सी/88/6 दि. 01.07.25

## सार्वजनिक सूचना

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा पता :** तृतीय तल, 302-303, पर्ल बर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्त्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नवीन कुमार (कर्जदार), सोनिया (सह-कर्जदार), प्रदीप कुमार (सह-कर्जदार), मोनिका देवी (सह-कर्जदार), 175 30 महलाना चौक मालवीय नगर, सोनीपत, हरियाणा, सोनीपत, हरियाणा-131001. LHPTU00001570053 | गांव मोहाना तहसील व जिला सोनीपत, हरियाणा-131001 में स्थित खेवट नं. 50, खाता नं. 59 एमy, किल्ला नं. 56//8=8-0, प्लॉट क्षेत्रफल माप 170 मरले अर्थात 500 वर्गगज सीमाएं - उत्तर : स्थल के अनुरूप, दक्षिण : स्थल के अनुरूप, पूर्व : स्थल के अनुरूप, पश्चिम : स्थल के अनुरूप। | 17-06-2025 रु. 89,83,604/- | 8-जून-2025 |
| 2. | नवीन कुमार (कर्जदार), सोनिया (सह-कर्जदार), प्रदीप कुमार (सह-कर्जदार), मोनिका देवी (सह-कर्जदार), 175 30 महलाना चौक मालवीय नगर, सोनीपत, हरियाणा, सोनीपत, हरियाणा-131001. LHPTU00001582186 | नगर निगम, सोनीपत, सोनीपत, हरियाणा-131001 में मालवीय नगर की आबादी में गढ़ी ब्राहाण में स्थित मकान नं. 170/30, खेवट नंबर 879, 989, खाता नं. 1017 एवं 1153, किला नं. 47//10/2/1=2-4, जी.एमयू. 47//1=3-13, जी.एमयू. 2=7-0, जी.एमयू.10/1/2=1-6, क्षेत्रफल माप 160 वर्ग गज। सीमाएं - उत्तर : गली, दक्षिण : सूरजकौर का प्लॉट, पूर्व : सतबीर का मकान, पश्चिम : सूरजकौर का मकान। | 17-06-2025 रु. 67,93,622/- | 8-जून-2025 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 02 जुलाई 2025
स्थान : सोनीपत

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड को चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | वनस्पति विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 42/2024 | 06.07.2025 पूर्वा. 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| 2. | प्राणी विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 67/2024 | 06.07.2025 अप. 2:00 बजे से अप. 5:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 01.07.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड को चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 30.06.2025
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद-1156/13/333/2026/36124/88/6 दि. 01.07.25

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | गुहणा जिला कैथल में राजकीय आईटीआई बिल्डिंग में विशेष मरम्मत (ई.आई. का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 01.07.2025 07.07.2025 | 24.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहबाद जिले में टोहाना और रतिया निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार, 5 अदद रोड अर्थात 1. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.00 से 0.05, 0.35 से 5.00 तक समैण से नांगला पर आईपीबी और 20 मिमी मोटी पीसी जमा ऊपर उठाना (रोड आईडी 5401), 2. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 2.26 तक टोहाना चंदेर रोड से भोदी पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5394), 3. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 3.10 तक ढाणी बाबनपुर से मुस्सा खेड़ा पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान और आईपीबी जमा टीजी. (रोड आईडी 9058), 4. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 1.85 तक चिमो से लाम्बा स्कूल पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5493), 5. एससीएसपी स्कीम के तहत फतेहाबाद जिले में कि.मी. 0.0 से 6.10 तक करांदी से शकरपुरा वाया रत्ताथे पर 20 मिमी मोटी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी 5653) (ग्रुप-1) एससीएसपी स्कीम के तहत + 2 कार्य। | 28.06.2025 09.07.2025 | 693.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आदमपुर हुडा बाईपास रोड से आदमपुर सादलपुर रोड आरडी 0.00 से 1.125 की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 12283)। | बंद होने की तिथि 07.07.2025 | 153.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | फग्गु गांव :- द्वितीय जलघर के निर्माण, पुराने जलघर के अपग्रेडेशन / पुनरोद्धार, एक अदद बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और गांव में वितरण प्रणाली बिछाने और गांव फग्गु में अन्य विविध कार्यों के लिए डीएनआईटी, "सीएच.टू :- फग्गु :- द्वितीय कैनाल आधारित जलघर के निर्माण, मौजूदा जलघर के पुनरोद्धार, बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण और वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण तथा गांव फग्गु जिला सिरसा में बाजीगर बस्ती को जलापूर्ति सुविधाओं के प्रावधान हेतु आकलन।" | 26.06.2025 17.07.2025 | 294.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | स्वास्थ्य विभाग नारनौल | सिविल सर्जन नारनौल के जिला प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय में प्रशिक्षक और प्रशिक्षुओं के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु निविदा। | 01.07.2025 22.07.2025 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9355471955 dcstrg.mhn@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव जम्मू खाला (डाबरकी पार) में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, स्कीम - एचजीवीवाई, सी.एम. घोषणा कोड सं. 27304 + 3 कार्य। | 27.06.2025 15.07.2025 | 223.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | मण्डी (इस्माईलाबाद) गुरूद्वारा साहिब से पंचायती तालाब नं. 2 तक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज का निपटान + 1 कार्य। | 27.06.2025 13.07.2025 | 26.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कलानौर | **गांव - खेरड़ी, ब्लॉक-कलानौर, जिला रोहतक में भागीरथ की चारदिवारी का निर्माण। | 30.06.2025 15.07.2025 | 5.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015118527 sdokalanaur@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज रोहतक | जलघर के साथ-साथ पंचायती व्रूमि की चारदिवारी का निर्माण, गांव : बहुजमालपुर ब्लॉक रोहतक (वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 7.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.coM |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | खरीफ 2025 से पूर्व आरडी 1600 से 42200 तक पाई डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 4.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920236776 xenrws@rediffmail.com |
| 11 | महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा | शिशुसदनों में उपयोग करने के लिए टैक्सटाइल गुड्स की खरीद के लिए ई-निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 1.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416654430 dd1.wcd@gmail.com |
| 12 | बागवानी विभाग हरियाणा, पंचकूला | सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में क्वालिटी प्लांटिंग मैटीरियल की आपूर्ति। | 02.07.2025 09.07.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/36133/I/88/6 दि. 01.07.25

**सोनीपत उपायुक्त के निजी सहायक रिश्वत प्रकरण, राजनीतिक संरक्षण के लग रहे आरोप**

# डीसी के चालक सहित 76 कर्मचारी एसीबी के रडार पर आठ साल से एक ही सीट पर तैनात था आरोपी शशांक

## ■ एसीबी ने साढ़े तीन लाख रुपये लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला उपायुक्त कार्यालय में तैनात निजी सहायक को एसीबी ने लाखों रुपये की रिश्वत सहित गिरफ्तार किया था। मामले को लेकर स्पेशल जांच कमेटी गठित की हुई है।

■ एसीबी ने जांच का दायरा बढ़ाया तो करीब 76 लाख रुपये का लेनदेन आरोपित के खाते में मिला

जानकारी मिली है कि आरोपित राजनीतिक संरक्षण व अधिकारियों के साथ सांठगांठ के चलते आठ साल से एक ही सीट पर तैनात था। आरोपित पर करोड़ों रुपये के लेनदेन का खुलासा हुआ है। मामले में जिला उपायुक्त के चालक सहित करीब 76 कर्मचारियों की संलिप्तता उजागर हुई है। बता दें कि लिपिक जितेंद्र कुमार ने एसीबी को शिकायत देकर बताया था कि उपायुक्त का सहायक शशांक शर्मा उसे राई तहसील में रजिस्ट्री क्लर्क के पद पर लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये मांग रहा है। इसमें से डेढ़ लाख रुपये की राशि वह उससे ले चुका है। एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपित को साढ़े तीन लाख रुपये की राशि सहित काबू कर लिया था। उसके बाद उसके घर से लाखों रुपये की अवैध रूप से रखी राशि बरामद कर कब्जे में लिया था। एसीबी ने जांच का दायरा बढ़ाया तो करीब 76 लाख रुपये का लेनदेन आरोपित के खाते में मिला है। एडवोकेट राजेश दहिया ने खुलासा किया कि आरोपित शशांक शर्मा बीते आठ सालों से जिला उपायुक्त कार्यालय की एक ही सीट पर बना हुआ था। उनका दावा है कि शशांक को इस पद पर बनाए रखने के पीछे कुछ राजनीतिक रसूखदारों का हाथ था। लगातार इतने लंबे समय तक एक ही जगह जमे रहना, कहीं न कहीं सत्ता के संरक्षण व अधिकारियों के साथ लेनदेन के तालमेल को उजागर करता है।

मिली जानकारी के अनुसार मामले की जांच के लिए स्पेशल जांच टीम तैयार की है। जांच में जब शशांक के बैंक खातों की पड़ताल की गई, तो 76 अलग-अलग लोगों से उसके खाते में कुल 76 लाख रुपये ट्रांसफर पाए गए। इन लेन-देन में डीसी कार्यालय के दो ड्राइवरों समेत अन्य कर्मचारी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 5 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक की ट्रांजैक्शन हुई है। जिसकी रिपोर्ट तैयार की गई है।

**प्रशासनिक क्षेत्र में हो सकते है बड़े बदलाव :** राई तहसील में क्लर्क लगवाने के नाम पर कर्मचारी से इतनी मोटी रकम मांगने पर कई सवाल खड़े होने लगे है। आरोप है कि अलग-अलग तहसीलों में कर्मचारियों की डयूटी लगाने पर मोटी रकम ली जाती थी। जिसके बाद उक्त रकम को नीचे से लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आरोप है। ऐसे में प्रशासनिक बदलाव देखने को मिल सकता है। शिकायतकर्ता जितेंद्र से राई तहसील में क्लर्क लगाने के लिए पांच लाख की रिश्वत मांगी गई थी।

**कार्यालय में भगदड़**

### कोई छुट्टी तो कोई बीमारी का बना रहा बहाना

निजी सहायक की गिरफ्तारी व जांच में कर्मचारियों की संलिप्तता के चलते उपायुक्त कार्यालय में भगदड़ सी मची हुई है। जानकारी मिली है कि जिन-जिन कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आ रही है। वह खुद व उनके बड़े अधिकारी बीमारी व छुट्टी का बहाना बनाकर कार्यालय में नहीं आ रहे है। हालांकि संलिप्तता पाएं जाने वाले कर्मचारियों की लिस्ट तैयार हो चुकी है। जानकारी है कि जल्द से जल्द उन्हें नोटिस देकर जांच में शामिल किया जायेगा। ताकि मामले में मजबूती मिल सके।

## 19 को अपने पैतृक गांव नंदगढ़ आएंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहेंगे**



**जुलाना।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन पर 19 जुलाई को अपने पैतृक गांव नंदगढ़ आएंगी। इस मौके पर नंदगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, हरियाणा सरकार के मंत्रीगण और बीजेपी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। जन्मदिन कार्यक्रम के साथ ही साथ जुलाना में विकास रैली का भी आयोजन होगा। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिल्ली की मुख्यमंत्री की मौजूदगी में जुलाना को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। जुलाना विधानसभा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी नें बताया कि 19 जुलाई की विकास रैली और जन्मदिन कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। जुलाना की धरती पर दोनों मुख्यमंत्री एक साथ आ रहे हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से चंडीगढ़ में मिल कर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जुलाना की करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात भी मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### पशु बाड़े से मिला 31 किलो चूरा पोस्त

**फतेहाबाद।** जिला में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए स्टाफ फतेहाबाद ने 31 किलो 500 ग्राम चूरा पोस्त बरामद कर एक युवक को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बड़ोपल क्षेत्र में अपराध रोकथाम के उद्देश्य से गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि संजय कुमार पुत्र सुभाष निवासी खेत ढाणी, बडोपल भारी मात्रा में चूरा पोस्त तस्करी करता है और उसने यह मादक पदार्थ अपने खेत में बनी ढाणी में छिपा रखा है। यदि तुरंत रेड की जाए तो भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया जा सकता है। सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संजय कुमार की ढाणी में रेड की। तलाशी के दौरान उसके घर के बाहर बनी पशु बांधने की जगह पर रखी ईंटों के बीच छिपाकर रखे गए 31 किलो 500 ग्राम चूरा पोस्त को बरामद करने में सफलता मिली। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### एआई से सांसद का वीडियो बनाने वालों ने पंचायत में मांगी माफी

**नूंह।** नूंह में दो नाबालिग लड़कों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उत्तर प्रदेश के कैराना से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद इकरा मुनव्वर हसन का आपत्तिजनक वीडियो बना दिया। इसके बाद फेसबुक पर फेक अकाउंट बना उसे अपलोड कर दिया। यह वीडियो वायरल होकर सांसद इकरा हसन तक भी पहुंच गया। जांच में सामने आया कि दोनों लड़के फिरोजपुर झिरका के आमका गांव के रहने वाले हैं। सोमवार देर रात को गांव में पंचायत हुई। जब दोनों लड़कों से वीडियो के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए उन्होंने वीडियो को एआई से बनाया था। इसके बाद दोनों से कान पकड़कर माफी मंगवाई गई। पिछले कई दिनों वीडियो वायरल हो रहा था।

# बिश्नोई महासभा विवाद में गैंगस्टर कूदा

## ■ देवेंद्र बुडिया के समर्थन में लॉरेंस की सोशल मीडिया पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया ■ महासभा में तानाशाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के विवाद में अब गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की एंट्री भी हो गई है। दुष्कर्म के केस में गिरफ्तार देवेंद्र बुडिया के समर्थन में लॉरेंस की सोशल मीडिया पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया है, जिसमें उसने महासभा में तानाशाही चलाने पर एक व्यक्ति को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकती है। सोशल मीडिया पर दिनभर कयासों का दौर चलता रहा। सोशल मीडिया पर कथित पोस्ट में गैंगस्टर लॉरेंस ने लिखा है कि एक व्यक्ति ने बिश्नोई महासभा पर कब्जा कर रखा है और तानाशाही से महासभा को चला रहा है।

■ देवेंद्र बुडिया ने एक नेता पर केस में फंसाने का आरोप लगाया

### किसी भी हद तक जाएंगे

गैंगस्टर ने लिखा की मैं और मेरे साथी उस तानाशाह को खत्म करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, क्योंकि उसने देवेंद्र बुडिया से बदतमीजी की थी। वहीं भाजपा नेताओं के समर्थकों का कहना है कि इस तरह की कोई धमकी नहीं मिली है।

उन्होंने सारे प्रकरण को राजनीति साजिश करार दिया है। बता दें कि महासभा विवाद को लेकर देवेंद्र बूडिया ने आरोप लगाया कि था कि प्रधान पद से इस्तीफा देने के लिए कुलदीप बिश्नोई के करीबियों ने मुझे बंधक बनाने की कोशिश की थी। इसी विवाद के बीच 24 जनवरी को बूड़यिा के खिलाफ आदमपुर में रेप का केस दर्ज हुआ। 29 जून को बूड़यिा को गिरफ्तार किया था। सोमवार हिसार कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अब कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका भी खारिज कर दी है।

### चुनाव समाज के हिसाब से होना चाहिए

लॉरेंस ने पोस्ट में लिखा- श्री गुरु जंभेश्वर भगवान की जय। प्रभु श्री रामचंद्र जी के चरणों में नमन। गुरुदेव के चरणों में नमन। सभी माता-पिता को मेरा प्रणाम, भाई-बहनों को मेरा प्यार। मैं लॉरेंस राष्ट्रीय जीव रक्षा युवा मोर्चा अध्यक्ष। पिछले कुछ दिनों से देश-विदेश की सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हो रही है। बिश्नोई समाज में (अ.भा बि.) महासभा जो की समाज हित में कार्य करती है। उसका जो चुनाव सर्व समाज के हिसाब से होना चाहिए

**देवेंद्र बुडिया को झटका**

### मेदांता से इलाज करवाने की याचिका खारिज

**हिसार।** दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किए गए देवेन्द्र बुडिया अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। अदालत ने उन्हें मेदांता में शिफ्ट किए जाने वाले याचिका खारिज कर दी है। बुड़िया के न्यायिक हिरासत के आदेशों के बाद बुड़िया की ओर से स्वास्थ्य कारणों से मेदांता में स्थानांतरण व इलाज के लिए लगाई याचिका अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। मामले के अनुसार जैसे ही हिसार क्राइम पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को जोधपुर में उनके फ्लैट से दबोचा और हिसार लेकर आए तो बुड़िया ने कहा कि उनकी तबीयत खराब हो गई है। इसके बाद पुलिस द्वारा उनकी यहां के निजी अस्पताल में जांच करवाई गई। सूत्रों के अनुसार निजी अस्पताल में करवाए गए एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य स्वास्थ्य रिपोर्टेनॉर्मल आई हैं। इसके बाद बुड़िया के वकील द्वारा कोर्ट में अर्जी लगाई थी कि उन्हें मेदांता में शिफ्ट किया जाए।

## असिस्टेंट प्लानिंग अफसर 1.75 लाख रिश्वत लेता काबू



**पानीपत ।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एडीसी ऑफिस में तैनात असिस्टेंट प्लानिंग ऑफिसर ईश्वर सिंह को 1 लाख 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ईश्वर सिंह पर शिकायतकर्ता के बिल पास करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। एंटी करप्शन ब्यूरो टीम इंचार्ज सतपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एडीसी ऑफिस में तैनात असिस्टेंट प्लानिंग ऑफिसर ईश्वर सिंह द्वारा शिकायतकर्ता के भुगतान बिल पास करवाने की एवज में 1 लाख 90 हजार रुपए की डिमांड की थी। ईश्वर शिकायतकर्ता से पहले 15 हजार रुपये की रिश्वत वसूल कर चुका था। वहीं मंगलवार को आरोपी ईश्वर, शिकायतकर्ता से 1 लाख 75 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगें हाथों पकड़ा गया। एंटी करप्शन ब्यूरो के करनाल थाना में रिश्वत लेने के आरोपी ईश्वर सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो आरोपी ईश्वर को बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास करेगी।

## स्कूल वार्षिक परीक्षा के अंक 15 तक विलम्ब शुल्क के साथ करे अपलोड

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय/अराजकीय विद्यालयों/ गुरुकुलों/विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं व 11 वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक 5000 रुपये विलम्ब शुल्क सहित 15 जुलाई, 2025 तक अपलोड कर सकते हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ.मुनीश नागपाल, मंगलवार यहां एक प्रेस वक्तव्य के माध्यम से बताया कि प्रदेशभर के कुछ विद्यालयों द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक निर्धारित तिथियों में पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों द्वारा कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं, ऐसे सभी विद्यालय 15 जुलाई, 2025 तक 5000 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर अंक अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी विद्यालय द्वारा छात्रों/छात्राओं के अंक ऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो ऐसे छात्रों/छात्राओं को बोर्ड की आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# चीका में फर्जी नशा मुक्ति केंद्र का पर्दाफाश एसडीएम ने 13 लोगों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका

पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित अजीमगढ़ गांव में एक फर्जी नशा मुक्ति केंद्र का भंडाफोड़ हुआ है। यह कार्रवाई एसडीएम गुहला द्वारा की गई छापेमारी के दौरान सामने आई। छापे के समय केंद्र में करीब 35 लोगों को जबरन बंधक बनाकर रखा गया था, जिन्हें मौके पर ही पुलिस और प्रशासन द्वारा रेस्क्यू कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह कथित नशा मुक्ति केंद्र पिछले एक साल से धड़ल्ले से चल रहा था और वहां बंधक बनाए गए लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था। उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी जा रही थीं। मौके से नशा और प्रतिबंधित दवाइयां भी बरामद की गईं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और गुहला थाने में मामला दर्ज किया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह फर्जी केंद्र हरियाणा पुलिस की चेक पोस्ट से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्टेट हाईवे के किनारे चल रहा था। प्रशासन की नाक के नीचे लंबे समय से संचालित हो रहे इस केंद्र में ज्यादातर पीड़ित पंजाब राज्य के निवासी हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें इलाज के नाम पर लाया गया था, लेकिन बाद में उन्हें बाहर जाने नहीं दिया गया और लगातार शोषण किया जाता रहा।



### बिना अनुमति के चलाया जा रहा था केंद्र

एसडीएम ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर उन्होंने नशा मुक्ति केद्र पर छापा मारा जो बिना अनुमति के चलाया जा रहा था। केंद्र की स्थिति काफी दयनीय थी।मरीजों के साथ मारपीट करने के अलावा यातनाएं भी दी जाती थी। इसमें से 13 लोगों को रेसक्यू किया गया है। इसमें तीन व्यक्तियों को नामजद किया है।

### सेंटर संचालक सहित तीन पर केस दर्ज

थाना प्रभारी गुहला सुनील कुमार ने बताया कि जिला नारकोटिक्स अधिकारी डा. नवराज सिंह की शिकायत पर तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें सेंटर संचालक प्रिंस, कुक गौरव तथा मकान मालिक ईश्वर शामिल हैं।

## पति छोटी साली को लेकर फरार पत्नी ने कुएं में कूदकर दी जान

■ मृतका के पिता की शिकायत पर पति सहित चार लोगों पर केस

**चरखी दादरी।** दादरी जिले के गांव रूदड़ौल में एक महिला ने अपने मायके में कुएं में कूदकर जान दे दी। महिला का पति कुछ दिनों पहले उसकी छोटी बहन को भगा ले गया था, तभी से वह मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर चार लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है। गांव रूदड़ौल निवासी ताजबीर ने बताया कि उसकी तीन बेटियां हैं और उसकी दो बड़ी बेटियां की शादी भिवानी जिले के गांव सलीमपुर में हुई थी। उसकी बड़ी बेटी का पति कुलदीप उसकी छोटी बेटी को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया, तभी से उसकी बड़ी लक्ष्मी सदमे में थी और परेशान चल रही थी।

उन्होंने बताया कि वह 10 दिन पहले ही ससुराल से मायके रूदड़ौल में आई हुई थी। मंगलवार सुबह उसने घर के सामने कुएं में छलांग लगा दी। उन्होंने बेटी को कुएं से बाहर निकाला तो उसकी सांसे चल रही थी। इसके बाद लक्ष्मी को झोझूकलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां से उसे दादरी के सामान्य अस्पताल में रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही लक्ष्मी की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस सामान्य अस्पताल पहुंची और मृतका के पिता के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मृतका के पति और छोटी बहन सहित चार लोगों पर मामला दर्ज किया हैं। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी लक्ष्मी बहुत सरल स्वभाव की थी, उसके तीन बच्चे हैं। लक्ष्मी ने कभी नहीं सोचा था कि उसका पति कुलदीप और छोटी बहन ऐसा कदम उठा लेंगे। परिजनों ने बताया की 16 जून को कुलदीप छोटी बेटी को लेकर फरार हो गया। इसके बाद से ही लक्ष्मी ने खाना पीना छोड़ दिया था। उसने घर से निकला और किसी से बात करना भी बंद कर दिया था। 10 दिन पहले वह ससुराल से मायके आई थी, मंगलवार सुबह चार बजे कुएं में छलांग लगा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सिरसा सांसद कुमारी सैलजा व अन्य नेताओं ने दी बधाई, ससुराल शादीपुर में महिलाओं ने बजाई तालियां**

# विधायक एवं रेसलर विनेश फोगाट मां बनी दिल्ली के निजी अस्पताल में दिया बेटे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद/ जुलाना

रेसलर और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को मंगलवार को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। सुबह दिल्ली के अपोलो अस्पताल में उन्होंने बेटे को जन्म दिया। सोमवार शाम को विनेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश फोगाट ने 6 मार्च 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की थी। विनेश ने पति सोमबीर राठी के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)। इसके साथ में नन्हे बेबी के फुट प्रिंट और लव का सिंबल शेयर किए थे।

### पहले प्यार, फिर हुई शादी

जुलाना क्षेत्र के गांव बख्ताखेड़ा निवासी सोमवीर राठी और विनेश की मुलाकात रेलवे में नौकरी के दौरान हुई थी। हालांकि शुरू में दोनों की ज्यादा बात नहीं होती थीए लेकिन बाद में दोनों की दोस्ती आगे बढऩे लगी। कुश्ती के प्यार के कारण दोनों एक-दूसरे के करीब आए और फिर दोनों के बीच प्यार हुआ। वर्ष 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में विनेश ने गोल्ड मेडल जीता था। जब वे मेडल जीत कर भारत लौटी तो दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सोमवीर राठी ने उन्हें प्रपोज कर दिया और अंगूठी पहना दी। इसी साल दोनों की शादी भी हो गई। तभी से दोनों एक साथ हैं। सोमवीर भी कुश्ती खिलाड़ी हैं और दो बार नेशनल चैंपियन रह चुके हैं। दोनों खिलाड़ियों ने 14 दिसंबर 2018 को शादी की थी। हिंदू रीति रिवाज से देखें तो शादी में सात फेरे लिए जाते हैं लेकिन विनेश और सोमवीर ने आठ फेरे लिए थे। आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ की शपथ पर खत्म हुआ थाए इसलिए उनकी शादी काफी अलग रही थी। पेरिस ओलिंपिक से लौटने के बाद विनेश फोगाट के समर्थक दिल्ली एयरपोर्ट से उनके पैतृक गांव बलाली तक रोड शो निकाला गया। इसके बाद कांग्रेस ने विनेश को उनके ससुराल जींद के जुलाना से 2024 का चुनाव लड़वाया था।



**जींद।** शादीपुर गांव में थाली बजाती महिलाएं।

**सांसद सैलजा की पोस्ट**



Kumari Selja
@Kumari_Selja

जुलाना से कांग्रेस विधायक श्रीमती @Phogat_Vinesh जी को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

ईश्वर से प्रार्थना है कि नवजात शिशु परिवार के लिए आनंद और शुभता लेकर आए तथा आप दोनों स्वस्थ एवं प्रसन्नचित रहें।

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रेसलर विनेश फोगाट के मां बनने पर बधाई दी है। कुमारी शैलजा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**सतबीर हत्याकांड में कोई गिरफ्तारी नहीं, एसएचओ सस्पेंड**

# परिवार का आरोप, धमकी मिलने पर सुरक्षा मांगने पर नहीं हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

परनाला निवासी सतबीर हत्याकांड में लाइनपार थाने के एसएचओ पर गाज गिर गई है। मामले में लापरवाही बरतने के आरोपों के चलते उन्हें पुलिस कमिश्नर की ओर से सस्पेंड कर लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं, सतबीर के हत्यारे अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। कई टीमें उनकी तलाश में भागदौड़ कर रही हैं। दरअसल, परनाला के निवासी सतबीर के बेटे ने कुछ महीने पहले गांव की ही एक लड़की से अंतरजातीय प्रेम विवाह कर लिया था। तभी से दोनों परिवारों में रंजिश थी। इसी रंजिश में 29 जून की सुबह दुकान में घुसकर सतबीर की हत्या कर दी गई। उसे गोलियां मारी गई तथा चाकू व पत्थर से भी वार किए गए। इस संबंध में लड़की के भाइयों समेत चार नामजद युवकों पर केस दर्ज है। इस केस में पुलिस की कई टीमें जांच कर रही हैं लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वहीं, दूसरी तरफ मामले में लाइनपार थाने के एसएचओ पवनवीर पर गाज गिर गई है। उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल, सतबीर की हत्या से आहत पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया था कि हमें बार बार धमकियां मिल रही थी। जान का खतरा था और सुरक्षा मांगी गई थी लेकिन सुनवाई नहीं की गई।

■ सतबीर के बेटे ने अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था

■ तभी से चली आ रही थी रंजिश

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डॉ. राजश्री सिंह



पुलिस कमिश्नर व डीसीपी के समक्ष यह मामला आया हुआ था। खुद पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए बहादुरगढ़ में आयोजित मीटिंग के दौरान मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए थाना प्रबंधक को लाइन हाजिर कर दिया। उन्होंने कहा कि काम के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बारुद व बम बनाकर उद्योग जगत में नुवाल ने मचाई हलचल, अंबानी व अदाणी रहे पीछे

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक नुवाल की संपत्ति में 78 फीसदी का हुआ इजाफा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस साल की पहली छमाही में एक उद्योगपति ने कमाई के मामले में भारत के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी को भी पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक जगत में पिछले छह महीने के दौरान भले ही जबरदस्त उथल पुथल रही हो, लेकिन इनकी नेटवर्थ में 78 फीसदी का जबरदस्त इजाफा हुआ है। ये अरबपति हैं सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के सह-संस्थापक और प्रसिडेंट सत्यनारायण नुवाल।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक इनकी संपत्ति में सिर्फ इस साल की छमाही के दौरान ही 78 फीसदी के इजाफे के बाद कुल संपत्ति अब 7.90 बिलियन डॉलर हो गई है। सबसे खास बात ये है कि इनकी कंपनी डेटोनेटर, एक्सप्लोसिव और एम्यूनिशन बनती है और इसका हेडक्वार्टर नागपुर में स्थित है। सोलर इंडस्ट्रीज के शेयर में जहां 2024 में पैतालीस प्रतिशत तो वहीं दो साल पहले 2023 में चौवन प्रतिशत का इजाफा हुआ था। इस साल कंपनी के शेयर में करीब 81 प्रतिशत की तगड़ी उछाल देखी जा रही है। वर्तमान में कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंस में 17,200 रुपए के मूल्य पर ट्रेड कर रहा है।

### इस साल किसका कितना इजाफा

अगर तुलनात्मक रुप से देखें तो सत्यनारायण की कुल नेटवर्थ 7.9 अरब डॉलर हो गई है, जिसमें इस साल की पहली छमाही के दौरान 78.4 प्रतिशत का जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसके बाद सुनील मित्तल के नेटवर्थ में 27.3 प्रतिशत का इजाफा होकर उनकी कुल संपत्ति अब 30.4 अरब डॉलर हो गई है। इसके बाद लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में पहली छमाही के दौरान 26.1 प्रतिशत का इजाफा होकर कुल संपत्ति 24.8 अरब डॉलर हो गई है।



### मुकेश अंबानी की संपत्ति में 21.9 फीसदी का इजाफा

राहुल भाटिया की संपत्ति में 24.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और ये 10.8 अरब डॉलर हो गई है। तो वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति में 21.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और अब उनकी संपत्ति 110.5 अरब डॉलर हो गई है। जबकि, गौतम अदाणी की संपत्ति में इस साल के पहले छह महीने के दौरान 8.5 प्रतिशत का संपत्ति में इजाफा हुआ है और उनका कुल नेटवर्थ अब 85.4 अरब डॉलर हो गया है।

## जूम कार ने गुणवत्ता के लिए कार्स24 से किया करार

**नई दिल्ली।** जूम कार होल्डिंग्स ने मंगलवार को तकनीक आधारित निरीक्षण और निगरानी के जरिये 'सेल्फ-ड्राइव' कार खंड में वाहन की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार के लिए कार्स24 के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की कंपनी ने बयान में कहा कि इस सहयोग के तहत, कार्स24 नए वाहनों की आपूर्ति से पहले निरीक्षण (पीडीआई) करेगी।

**कार्यालयः जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, भिवानी (हरियाणा)**

समग्र शिक्षा के तहत जिला भिवानी में 05 STC for Out of School Children संचालित किए जाने के लिए शिक्षा प्रेरको को 6 माह के लिए आबन्द करने हेतू आवेदन आमंत्रित है। चयनित अभ्यार्थियों को HSSPP, Panchkula के मापदंडों के अनुरूप मानदेय प्रतिमाह 10000 रुपए दिया जाएगा। आवेदन के लिए QR code scan करके रजिस्ट्रेशन करें जो 03-07-2025 से 08-07-2025 को सायं 4:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। अर्हता एंव विस्तृत दिशानिर्देश QR code में संकलित है। पूर्व में कार्य कर चुके शिक्षा प्रेरको को वरीयता दी जाएगी। QR code Google lens से स्कैन करें। पात्र अभ्यार्थियों को दस्तावेज जांच सम्बन्धित सूचना ई- मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

हस्ता - डीपीसी, सीमेंट बिल्डिंग, शिक्षा बोर्ड के सामने, भिवानी

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री में 14 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई

# जून में मारुति, हुंडई, टाटा मोटर्स की बिक्री में गिरावट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री जून, 2025 में दो अंक में घटी है। इस दौरान टाटा मोटर्स की बिक्री में भी गिरावट आई है। हालांकि, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सालाना आधार पर बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को बयान में कहा कि डीलर को भेजे गये कुल घरेलू यात्री वाहन पिछले महीने 13 प्रतिशत घटकर 1,18,906 इकाई रहे, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 1,37,160 इकाई था। कंपनी की कुल बिक्री जून महीने में सालाना

- देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति ने 1,18,906 इकाई बेची

**छोटे आकार के कारों की मांग में भारी गिरावटः** कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा, 'यात्री वाहनों की बिक्री में नरमी का कारण काफी हद तक छोटे आकार की कारों की मांग में भारी गिरावट है। ऐतिहासिक रूप से, यात्री वाहनों की बिक्री जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के 1.5 गुना की दर से बढ़ती थी।



### हुंडई की बिक्री 12 फीसदी घटी

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा, घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री जून में 12 प्रतिशत घटकर 44,024 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 50,103 इकाई थी। जून, 2024 के 14,700 इकाई के मुकाबले पिछले महीने निर्यात 16,900 इकाई रहा।

### टाटा के थोक बिक्री में गिरावट

देश की प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स की जून में कुल घरेलू थोक बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 65,019 इकाई रह गई। जून, 2024 में कंपनी ने 74,147 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहनों की बिक्री जून में 15 प्रतिशत घटकर 37,083 इकाई रह गई।

### महिंद्रा के यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 18 फीसदी बढ़ी

महिंद्रा एंड महिंद्रा की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 78,969 इकाई हो गई। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि यात्री वाहन खंड में पिछले महीने घरेलू बाजार में उसके यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 47,306 इकाई हो गई। एमएंडएम ने कहा कि घरेलू तिपहिया वाहनों की बिक्री 8,454 इकाई रही।

**टोयोटा की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जून में बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 28,869 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता कंपनी ने जून, 2024 में 27,474 वाहन बेचे थे। लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी की पहली छमाही की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत घटकर 2,128 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले वर्ष पहली जनवरी-जून की छमाही में 2,477 इकाइयां बेची थीं।

### बजाज ऑटो की बिक्री में वृद्धि

बजाज ऑटो की निर्यात सहित कुल बिक्री जून में सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 3,60,806 इकाई हो गई। पुणे स्थित कंपनी ने जून, 2024 में कुल 3,58,477 वाहनों की बिक्री दर्ज की थी। टीवीएस मोटर कंपनी की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 4,02,001 इकाई हो गई। कंपनी ने जून, 2024 में 3,33,646 इकाइयां बेची थीं।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी व उसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड तोशाम, सिवानी, बवानी खेडा व लोहारू पर खाली शेष बची हुई दुकानों/खोखा/पार्किंग स्थान को वित्त वर्ष 2025 26, 2026-27 व 2027-28 के तहत किराये पर देने के लिए नीलामी की बोली दिनांक 08-07-2025 को प्रातः 11:00 बजे की जायेगी।

इच्छुक बोली दाता दुकानों का विवरण व पोलिसी दिनांक 08-07-2025 से पहले किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन भिवानी से प्राप्त कर सकता है।

हस्ता-महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी।
पीआरडीएच 1119/11/686/2026/36105/88/6 दि. 01.07.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में सौन्दर्यकरण हेतु गेट नं. 1 से स्वामी दयानंद चौक तक रोड पर मौजूदा जल निकाय का पुनरोद्धार। | 30.06.2025 17.07.2025 | 16.78 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36132/I/88/6 दि. 01.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएसआईआईडीसी | आईएमटी, फेज-I, II और III, एचएसआईआईडीसी, आईएमटी रोहतक में पुरानी एचपीएसवी नॉन वर्किंग मौजूदा स्ट्रीट लाइट्स को बदलने के लिए नई 100 वॉट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान व फिक्सिंग। | 03.07.2025 09.07.2025 | 12.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050575109 ia.rohtak@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36130/I/88/6 दि. 01.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एम.एस.डब्ल्यू. का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु आग्रह। | 01.07.2025 23.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36120/I/88/6 दि. 01.07.25

## सोने में 1, 200 रू की तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और पीली धातु का भाव 1,200 रुपये की तेजी के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में लगातार सातवें सत्र की गिरावट के बाद तेजी दर्ज की गई और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये चढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया।

## शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 91 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा एचडीएफसी बैंक में लिवाली से दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 91 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 25 अंक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 13 शेयर बढ़त में और 17 नुकसान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के 528 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल करने के ऐलान के बाद शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.84 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों के सौर विनिर्माण केंद्र शुरू करने की संभावना जताये जाने के बाद कंपनी का शेयर चढ़ा। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और टेक महिंद्रा शामिल हैं।

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिएशन टेक्नोलॉजी के साथ कैंसर उपचार में सटीकता को बढ़ाया

**मुंबई ।** कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई ने आधुनिक रेडिक्सएक्ट ट्रीटमेंट डिलीवरी सिस्टम के साथ अपनी रेडिएशन थेरपी को अपग्रेड करते हुए अपनी कैंसर उपचार क्षमताओं में लक्षणीय उन्नति हासिल की है। यह आधुनिक टेक्नोलॉजी ऑन्कोलॉजी में हॉस्पिटल की लीडरशिप को मज़बूत करती है, कैंसर उपचार में उन्नत सटीकता, सुरक्षा और अनुकूलनशीलता लाते हुए मरीज़ों को मिलने वाले परिणामों में सुधार लाया है।रेडिक्सएक्ट ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में उपलब्ध व्यापक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मज़बूत किया है। अगली पीढ़ी की बुनियादी सुविधाओं, अंगों के अनुरूप सब-स्पेशलिटी निपुणताओं और वैश्विक स्तर पर बेंचमार्क माने जाने वाले प्रोटोकॉल इन सभी का शक्तिशाली मिलाप इस सिस्टम में है। रेडिक्सएक्ट सिस्टम रेडिएशन थेरपी में एक लक्षणीय उन्नति है। स्वस्थ टिश्यू को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए सटीक उपचार देने की क्षमता इसमें है। बिल्ट-इन स्कैनर से लैस, यह सिस्टम पूरे उपचार के दौरान ट्यूमर सही स्थिति में है यह सुनिश्चित करने के लिए रियल-टाइम इमेजिंग देता है। यह सिस्टम बहुउपयोगी है, शरीर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग प्रकार के कैंसर पर उपचार की क्षमता इसमें है।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कोल इंडिया और हिंदुस्तान कॉपर द्वारा महत्वपूर्ण खनिज विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अवसरों की संयुक्त रूप से खोज और विकास के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।इस समझौता ज्ञापन पर कोल इंडिया के महाप्रबंधक (बीडी) सी.एस. सिंह और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के महाप्रबंधक (खान) बिनोद कुमार गुप्ता ने कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद, निदेशक (विपणन और व्यवसाय विकास) मुकेश चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।यह सहयोग आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।



## भारत का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल और मई में मामूली बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-मई अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन मामूली रूप से 0.6 प्रतिशत बढ़कर 5.3 करोड़ टन (एमएमटी) हो गया। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्तवर्ष की समान अवधि में लौह अयस्क का उत्पादन 5.27 करोड़ टन था। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चालू वित्तवर्ष की अप्रैल-मई अवधि में मैंगनीज अयस्क, बॉक्साइट, जिंक कंसंट्रेट और चूना पत्थर का उत्पादन बढ़ा है। अलौह धातु क्षेत्र में, अप्रैल-मई में प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़कर 7.07 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.98 लाख टन था।

**नगर निगम, रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक-गोहाना रेलवे एलिवेटिड ट्रैक के साथ प्रस्तावित 15 फुट चौड़ी सड़क निर्माण हेतु वाणिज्यिक श्रेणी के भू-स्वामियों प्रोपर्टी क्रमांक 66, 72 व 75 का कुछ रकबा नगर निगम, रोहतक के नाम करने उपरान्त मुआवजा वितरण किया जाना है, लेकिन मौके पर काबिज भू-स्वामियों के पास मलकियत से सम्बंधित कोई रिवेन्यू रिकार्ड नहीं है, इन प्रोपर्टीयों से सम्बंधित मुआवजा लेने बारे मौके पर काबिज भू-स्वामियों के द्वारा आवेदन नगर निगम कार्यालय में दिये गये हैं उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः-

| क्रमांक | प्रोपर्टी क्रमांक | प्रोपर्टी आई०डी० नं० | आवेदनकर्ता का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 66 | 1HYUQG76 | शांति |
| 2 | 72 | 1H2OM4V7 | सुन्दर लाल कुरडा |
| 3 | 75 | 1HFKYVK8 | रामजी दास |

अतः प्रोपर्टी क्रमांक 66, 72 व 75 पर काबिज भू-स्वामियों (आवेदन अनुसार) को उनकी भूमि का कुछ रकबा नगर निगम, रोहतक के नाम करने उपरान्त मुआवजा वितरण करने में किसी आमजन को कोई आपत्ति है तो वह सम्बंधित दस्तावेज लेकर अपनी आपत्ति माननीय आयुक्त महोदय के कार्यालय नगर निगम, रोहतक में एक माह के अन्दर-अन्दर दर्ज करवाये यदि सार्वजनिक सूचना के एक माह के अन्दर-2 कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उक्त भूमि पर काबिज भू-स्वामियों की भूमि का कुछ रकबा नगर निगम, रोहतक के नाम करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति लेने उपरान्त मुआवजा वितरण करने सम्बंधित कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

हस्ता/-भू-अधिकार,
नगर निगम, रोहतक

संवाद- 1078/11/726/2026/36100/C/88/6 दि. 01.07.2025

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## देश के विनिर्माण क्षेत्र ने लगाई छलांग


**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया।''जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला। जून में नए निर्यात ऑर्डर में पर्याप्त वृद्धि हुई। भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग को बनाए रखने के लिए भारतीय विनिर्माण कंपनियों के पास तैयार माल का भंडार लगातार कम हो रहा है।

## ऑर्थोग्रिट से संभव है गठिया का उपचार

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने जोड़ों के दर्द यानि गठिया या जिसे आर्थराइटिस भी कहा जाता है, के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आयुर्वेद आधारित औषधि ऑर्थोग्रिट पर किया गया पतंजलि का यह नवीन शोध एल्सेवियर प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल फार्माकोलॉजिकल रिसर्च रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन दर्शाता है कि ऑर्थोग्रिट गठिया के कारण होने वाली सूजन को कम करने, कार्टिलेज के घिसाव को रोकने तथा जोड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखने में प्रभावशाली है।इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज के समय में शायद ही कोई ऐसा वृद्ध व्यक्ति हो जो घुटनों के दर्द से पीड़ित न हो। वर्तमान चिकित्सा पद्धतियाँ केवल लक्षणों पर कार्य करती हैं, जड़ पर नहीं। आयुर्वेद प्रत्येक रोग के मूल कारण को पहचानकर उसका समाधान प्रस्तुत करता है। ऑर्थोग्रिट इसी आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का संगम है, जो गठिया जैसी असाध्य मानी जाने वाली बीमारी को भी मूल रूप से समाप्त करने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि ऑर्थोग्रिट वचा, मोथा, दारूहल्दी, पिप्पलमूल, अश्वगंधा, निर्गुंडी, पुनर्नवा आदि प्राकर्तिक जड़ी - बूटियों से निर्मित है जोकि सनातन संस्कृति में प्राचीनकाल से ही जोड़ो के दर्द, सूजन आदि में लाभकारी पाएं गए है।पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वाष्णेय ने इस अवसर पर कहा गठिया एक ऐसी पुरानी बीमारी है जो विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित करती है। हमने इस शोध में मानव कार्टिलेज कोशिकाओं की 3 डी स्फेरायड्स और सी एलिगेंस पर अध्ययन किया है।




## शब्द पहेली - 5915




**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5914 का हल**





## खबर संक्षेप

### हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध पर एफआईआर दर्ज



**शिमला।** पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से ढली थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। भट्टाकुफर में 5मंजिला भवन के ढहने के बाद सिंह निरीक्षण करने पर पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री सहित अन्य पर अधिकारियों से मारपीट का आरोप है।

### प्रदूषण कम करने दिल्ली में कृत्रिम बारिश की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार कृत्रिम बारिश कराए जाने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसकी शुरुआत के लिए दिल्ली को चुना गया है। बताया गया कि दिल्ली सरकार 4 जुलाई से 11 जुलाई के बीच कृत्रिम वर्षा का ट्रायल करने की मंजूरी दे सकती है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा दूषित हवा को साफ करने की संभावनाओं को तलाशा जाएगा।

### सीएम सरमा पर हमले की कोशिश, फेंकी बोतल



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जब गोलाघाट दौरे पर थे, तभी उनके काफिले पर एक बोतल फेंकी गई। ये घटना राजीव भवन के पास 30 जून को हुई, जहां कांग्रेस के कार्यकर्ता एक प्रोटेस्ट कर रहे थे।

### एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखा गया

**नई दिल्ली (भाषा)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया है। सोमवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 की धारा 12 और 12ए के अनुसार नाम परिवर्तन 19 जून से प्रभावी हो गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल इंडिया के 10 साल पूरे होने पर कहा

# संपन्न और वंचित के डिजिटल विभाजन कम हुए, 97 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई 'डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। 'लिंक्डइन' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

- 42 लाख किमी से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है।" मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों और अग्रिम सैन्य चौकियों तक पहुंचता है, जिसमें गल्वान, सियाचिन और लद्दाख शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री ने ब्लॉग पर साझा किए विचार



### 'इंडिया स्टैक' ने यूपीआई जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया

मोदी ने कहा कि 2014 में जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी, तब इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी और सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच बहुत कम थी। कई लोगों को संदेह था कि क्या भारत जैसा विशाल और विविधतापूर्ण देश वास्तव में डिजिटल हो सकता है। 'आज, उस प्रश्न का उत्तर केवल डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन में मिल रहा है। हम कैसे शासन करते हैं, कैसे सीखते हैं, लेन-देन करते हैं और कैसे निर्माण करते हैं..., डिजिटल इंडिया हर जगह है।" उन्होंने कहा कि दस साल पहले, भारत ने बड़े दृढ़ विश्वास के साथ एक अज्ञात क्षेत्र में साहसिक यात्रा शुरू की थी।

### आज से 5 देशों के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। मोदी 2 जुलाई से 10 जुलाई तक पांच देशों की यात्रा करने वाले हैं। ये सभी देश कूटनीतिक लिहाज से बेहद अहम हैं। इनमें से तीन घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया ऐसे हैं, जहां पीएम पहली बार जाने वाले हैं। इसके अलावा वे ब्राजील और अर्जेंटीना भी जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ ही कई कूटनीतिक समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। पीएम मोदी की ये विदेश यात्रा घाना जाने से शुरू होगी। इसके बाद वे त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना और ब्राजील जाएंगे। ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे और उसके बाद नामीबिया पहुंचेंगे।

### 2.4 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड जारी किए गए

मोदी ने कहा कि लगभग आधे 'रियल टाइम' डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से, 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गई, जिससे बिचौलियों को हटाया गया है और 3.48 लाख करोड़ रुपये के 'लीकेज' को रोका गया है। उन्होंने कहा कि 'स्वामित्व' जैसी योजनाओं में 2.4 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड जारी किए गए हैं और 6.47 लाख गांवों का मानचित्रण किया गया है, जिससे वर्षों की अनिश्चितता समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था एमएसएमई और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ओएनडीसी (डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क) एक क्रांतिकारी मंच है जो खरीदारों और विक्रेताओं के विशाल बाजार के साथ सहज संपर्क प्रदान करके अवसरों की एक नई खिड़की खोलता है।

### जीएसटी व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार: मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।" सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था।

# तेलंगाना में विरोध के बावजूद रामचंद्र राव को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली

## बिंदल को हिमाचल, उत्तराखंड में भट्ट और महाराष्ट्र में रवींद्र को व आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव को कमान सौंपी



रवींद्र चव्हाण



महेंद्र भट्ट



पीएनवी माधव



रवींद्र चव्हाण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 5 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने गए। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। वह केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी का स्थान लेंगे। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा मध्यप्रदेश में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा।



रामचंद्र राव

बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा। हिमाचल में राजीव बिंदल को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं, महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव को चुना गया है।

अब दो दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50 फीसदी राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है।

### नड्डा का कार्यकाल जून 2024 में खत्म हो चुका



बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया व जनवरी 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे।

## पुलिस भगवान नहीं

### बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड सीनियर आईपीएस बहाल

**कोच्चि(एजेंसी)।** एजेंसी:चिन्नास्वामी चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ केस में ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें एक 14 वर्षीय बच्ची भी शामिल थी। पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, उनके पास अलादीन का चिराग थोड़े है। बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस विकास कुमार को मंगलवार को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) ने बहाल कर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आरसीबी ने सोशल मीडिया पर बिना पुलिस की अनुमति के विजय जुलूस का आमंत्रण पोस्ट कर दिया, जिससे भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस के पास सुरक्षा इंतजाम के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा। आदेश में साफ तौर पर लिखा गया कि आरसीबी ने पुलिस से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और इसके चलते भीड़ जमा हो गई। ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा कि महज 12 घंटे में पुलिस से पूरी व्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## अध्यक्ष की आसंदी पर चढ़े

### महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक विस से दिनभर को निलंबित

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक नाना पटोले को विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर चढ़ने को लेकर मंगलवार को विधानसभा से दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया है। पटोले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बबनराव लोनीकर और कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे पर किसानों का "अपमान" करने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर चढ़ गए थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पटोले के खिलाफ कार्रवाई के बाद कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया और पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही के बहिष्कार की घोषणा की। बाद में पटोले ने संवाददाताओं से कहा कि वह किसानों से संबंधित मुद्दों को उठाने से पीछे नहीं हटेंगे, भले ही इसके लिए उन्हें हर दिन सदन से निलंबन का सामना करना पड़े।



## आरोप-प्रत्यारोप

### कांग्रेस ने सेल कंपनी में घोटाले को लेकर मोदी सरकार को घेरा

**नई दिल्ली ( ब्यूरो)।** कांग्रेस ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में हुए घोटाले को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए 'अमृत काल' को कथित भ्रष्टाचार, विफलताओं और अलोकतांत्रिक प्रथाओं का पर्याय बताया है। पार्टी ने सैकड़ों करोड़ के सेल घोटाले का पर्दाफाश करने वाले सेल के जनरल मैनेजर राजीव भाटिया को निलंबित कर जबरन वीआरएस देने पर भी तीखे सवाल उठाए हैं। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए निर्माण क्षेत्र से जुड़ी 100 कंपनियों को 11 लाख टन स्टील रियायती दरों पर बेचा, जिसे इन कंपनियों ने बाद में अधिक कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाया। डॉ. अजय कुमार ने कहा कि मात्र दस दिन पहले रजिस्टर्ड इस कंपनी को 750 करोड़ रुपए का ठेका दे दिया गया। कंपनी की निदेशक एकता अग्रवाल ने इस ठेके के तहत प्राप्त स्टील को सीधे बेच दिया।

कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच फिर जुबानी जंग

# प्रियांक बोले- कांग्रेस आई तो बैन कर देंगे संघ, भाजपा ने कहा-तो फिर माफी मांगेंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच मंत्री प्रियांक खरगे ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) पर बैन लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस सरकार बनती है तो आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। खरगे ने एक्स पर कहा कि अगर हमारी सरकार केंद्र में सत्ता में आई तो हम आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देंगे। उनके इस बयान ने तीखी बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि अन्ना जब भी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया गया, आप माफी मांगते हुए वापस आए, कानून का पालन करने का वादा किया। सावरकर ने अंग्रेजों से भीख मांगी। आरएसएस ने सरदार पटेल से माफी मांगी और फिर इंदिरा गांधी से भी माफी मांगी। यह शॉर्ट मेमोरी है या एमनेसिया? मेरा विश्वास करो, जिस दिन लोग मुझे पर्याप्त शक्ति मिलेगी। मैं संघ की जहरीली, राष्ट्र-विरोधी मशीनरी को नष्ट करने के लिए हर संवैधानिक टूल का उपयोग करूंगा।

### नई बहस को दिया जन्म



कांग्रेस के सीनियर लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आरएसएस और भाजपा पर संविधान को न मानने और देश को बांटने का आरोप कई बार लगा चुके हैं। वे लगातार आरएसएस की आलोचना करते नजर आए हैं। देश में एक तरफ संविधान बनाम मनुस्मृति की बहस के बीच प्रियंक ने देश में नई बहस शुरू कर दी। प्रियांक ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की बात कहकर एक नई बहस खड़ी कर दी है।

### होसबाले के भाषण का भी किया जिक्र



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की टिप्पणी पर कहा कि यह बात बिल्कुल साफ है कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने अपने आखिरी भाषण में बताया था कि असली राष्ट्र-विरोधी वही होते हैं जो जाति के आधार पर समाज में नफरत और दुश्मनी फैलाते हैं। जो लोग देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की में रुकावट डालते हैं, वही लोग राष्ट्र के विरोधी हैं। समाज में सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाले लोग राष्ट्र-विरोधी होते हैं।

### भाजपा नेता अशोक का पलटवार

### जवाबदेही की कमी में कुछ भी बोल रहे, किसने बार-बार माफी मांगी?

प्रियांक खरगे के बयान पर भाजपा नेता आर अशोक ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के खिलाफ आपका तीखा हमला, माफी मांगने और वापस आने की घिसी-पिटी बयानबाजी को दोहराता है, जो आपकी अपनी पार्टी के आश्चर्यजनक पाखंड को उजागर करता है। आप साहस और जवाबदेही की कमी के रूप में जो कुछ भी समझते हैं, उसके खिलाफ बोलते हैं, फिर भी अपने ही नेता राहुल गांधी की लगातार माफी के बारे में गहन और चुनिंदा भूलने की बीमारी से पीड़ित लगते हैं। वास्तव में कौन बार-बार इस देश की सर्वोच्च अदालतों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए माफी मांगने के लिए मजबूर हुआ है? क्या यह राहुल नहीं हैं जिन्होंने 'चौकीदार चोर है' को गलत तरीके से अदालत के नाम से जोड़ने के लिए सुको में 'बिना शर्त माफी' प्रस्तुत की?



# कर्नाटक में विधायकों, सांसदों के साथ नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चा नहीं हुई : सुरजेवाला

## *विधायकों के साथ किसी तरह की रायशुमारी नहीं की गई*

बेंगलुरु। कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश सरकार में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर विधायकों के साथ किसी तरह की रायशुमारी नहीं की गई है। उन्होंने यह टिप्पणी इस मामले पर कांग्रेस की राज्य इकाई में आंतरिक कलह के मद्देनजर की है। सुरजेवाला ने कहा कि वह विधायकों और सांसदों से उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में किए गए कार्यों को समझने के लिए मुलाकात कर रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि आपमें से कुछ ने मुझसे पूछा कि क्या आप नेतृत्व परिवर्तन पर राय ले रहे हैं। मैंने कल भी जवाब दिया था और आज फिर दे रहा हूं--एक शब्द में स्पष्ट रूप से 'नहीं' है।' उन्होंने पार्टी विधायकों, सांसदों, एमएलसी और विस और लोस चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों संग बैठक की।



### किसी की सिफारिश की जरूरत नहीं: डीके



*बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के भीतर अंदरूनी कलह की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि कर्नाटक में पार्टी बड़ा बदलाव संभव है। इस बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है और हम एकजुट हैं। शिवकुमार ने कहा कि मुझे अपने किसी भी विधायक से कोई सिफारिश नहीं चाहिए। मेरा कर्तव्य पार्टी के अनुशासन को और मजबूती देना है।*

### कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ चुनाव आयोग से मिलने का मांगा था समय, पुष्टि न होने से बैठक रद्द

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की मांग पर विपक्षी दलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बुलाई गई बैठक को 'स्थगित' कर दिया है, क्योंकि अब तक किसी भी दल ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 30 जून को भेजे गए एक ई-मेल में कांग्रेस ने मतदाता सूची संशोधन कवायद के संबंध में कई राजनीतिक दलों की ओर से दो जुलाई को निर्वाचन आयोग के साथ तत्काल बैठक की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार ई-मेल में दावा किया कि वे एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तथा उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल लगभग सभी दलों के नाम लिए। आयोग ने इन दलों से बैठक के लिए पुष्टि करने को कहा था, लेकिन अब तक उसे दलों से पुष्टि नहीं मिली है। इसलिए बैठक को 'स्थगित' कर दिया गया है।

भूस्खलन से बदरीनाथ मार्ग बंद

# हिमाचल में 11 जगह बादल फटा, 5 लोगों की जान गई और 16 लापता



**प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात 10 घरों को नुकसान पहुंचा, कई लोग मलबे में फंसे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान और दिल्ली समेत देश के लगभग सभी हिस्सों में लगातार बारिश का दौर जारी है। राजस्थान के अलवर में मंगलवार को भारी बारिश के चलते सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं। घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है। वहीं, हिमाचल के मंडी में पिछले 24 घंटे में 11 जगह बादल फटने बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 5 की मौत हो चुकी है, 16 लापता हैं। उत्तराखंड में कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।

60 पूर्व नौकरशाहों के एक समूह ने सीजेआई को लिखा पत्र

# वन संरक्षण संशोधन कानून मुद्दे पर टकराव संभव

## *चिट्ठी में पूर्व सचिवों, राजदूतों, पुलिस अधिकारियों, वन अधिकारियों के हस्ताक्षर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

60 पूर्व नौकरशाहों के एक समूह ने देश के मुख्य न्यायाधीश को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में पूर्व नौकरशाहों ने दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्ति सीईसी (सेंट्रल एंपावर्ड कमेटी) में वन संरक्षण संशोधन कानून, 2023 को चुनौती देने वाले मामले में हितों का टकराव हो सकता है। 30 जून को लिखी गई चिट्ठी में पूर्व सचिवों, राजदूतों, पुलिस अधिकारियों, वन अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

### हितों के टकराव की आशंका



चिट्ठी में कहा गया है कि सीईसी के चार सदस्यों में से तीन पूर्व वन सेवा के अधिकारी हैं और एक सेवानिवृत्त वैज्ञानिक हैं। ये चारों पूर्व में कई वर्षों तक पर्यावरण मंत्रालय में काम कर चुके हैं। सीईसी को दो सदस्य तो हाल ही में पर्यावरण मंत्रालय से डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट और विशेष सचिव के पद से रिटायर हुए हैं। चिट्ठी लिखने वाले अधिकारियों का कहना है कि सीईसी के सदस्य कुछ समय पहले तक पर्यावरण मंत्रालय में ही उच्च पदों पर काम कर रहे थे और नीतियां बनाने में शामिल रहे थे।

### उच्चतम न्यायालय ने अपने कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति पेश की

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मियों को दी गई। सक्षम प्राधिकरण के निर्देशानुसार, सभी संबंधितों लोगों को यह अधिसूचित किया जाता है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट (आंतरिक ईमेल नेटवर्क) पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून, 2025 से प्रभावी कर दिया गया है। यदि किसी कर्मचारी को रोस्टर या रजिस्टर में किसी गलती या अशुद्धि के बारे में कोई आपत्ति या कुछ कहना हो तो वे इसकी सूचना रजिस्ट्रार (भर्ती) को दे सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PAR-KING | 1 | UMB-Mix-13-2025 | धुलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का दो पहिया वाहन पार्किंग स्थल | 08.07.25 12:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-13-2025 | अंबाला मंडल के नाभा रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए कुल 396.85 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल। | 08.07.25 12:00:00 |
| Cate-ring | 3 | UMB-Mix-13-2025 | मलौट रेलवे स्टेशन के पी.एफ. नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Mix-13-2025 | रामपुरा पुल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 5 | UMB-Mix-13-2025 | कालका रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 10' x 6' आकार की लघु खानपान इकाई (स्टॉल) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-13-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12 | 08.07.25 12:00:00 |
| Pay and Use | 7 | UMB-Mix-13-2025 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर मुख्य स्टेशन भवन में अपर क्लास वेटिंग रूम से सटे प्लेटफार्म नंबर 1 में पे एंड यूज टॉयलेट के लिए 01 साइट का संचालन और प्रबंधन तथा द्वितीय श्रेणी वेटिंग हॉल में प्लेटफार्म नंबर 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट के लिए 01 साइट का संचालन और प्रबंधन (कुल 02 साइटें) | 08.07.25 12:00:00 |
| | 8 | UMB-Mix-13-2025 | संगरूर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के लिए 01 साइट का संचालन और प्रबंधन | 08.07.25 12:00:00 |
| | 9 | UMB-Advt-09-25 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 10 | UMB-Advt-09-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 11 | UMB-Advt-09-25 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 12 | UMB-Advt-09-25 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 13 | UMB-Advt-09-25 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 14 | UMB-Advt-09-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| NFR | 15 | UMB-Advt-09-25 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 16 | UMB-Advt-09-25 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 17 | UMB-Advt-09-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर मे डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 18 | UMB-Advt-09-25 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 19 | UMB-Advt-09-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |
| | 20 | UMB-Advt-09-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.07.25 15:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1981/25

## चिंतन

# डिजिटल इंडिया की प्रगति अच्छी, अभी चुनौतियां कई

डिजिटल इंडिया मिशन ने दस वर्ष पूरे किए हैं। वर्ष 2015 से अब तक एक दशक में भारत ने डिजिटल समावेशन में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस दौरान न केवल डिजिटल विभाजन कम हुआ है, बल्कि डिजि इन्फ्रा समेत डिजिटल पहुंच का दायरा भी बढ़ा है। 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर करीब 97 करोड़ हो गई है। देश में 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछ चुका है, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, 'डिजिटल इंडिया' पहल ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है। डिजिटल इंडिया मिशन का लक्ष्य भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलना है। ब्रॉडबैंड हाईवे, मोबाइल कनेक्टिविटी, पब्लिक इंटरनेट एक्सेस, ई-गवर्नेंस, ई-क्रांति, सभी के लिए सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, नौकरियों के लिए आईटी, अर्ली हार्वेस्ट कार्यक्रम जैसे डिजिटल इंडिया मिशन के नौ स्तंभ हैं। दस वर्ष में डिजिटल साक्षरता के साथ सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच बढ़ी है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में भारत को सिरमौर बना दिया है। आधार, कोविन, डिजिलॉकर और फास्टैग से लेकर पीएम-वाणी, भारतनेट, ई-गवर्नेंस और 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' तक ने डिजिटल मिशन को गति दी है। वर्ष 2023 में वैश्विक रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स में भारत की 49 फीसदी हिस्सेदारी थी। यूपीआई अब 7 से अधिक देशों में लागू है। देश में एआई और सेमीकंडक्टर मिशन चल रहे हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, रोबोटिक्स और ब्लॉक चेन में भी काम हो रहे हैं। लेकिन डिजिटल इंडिया कई चुनौतियों का भी सामना कर रहा है, जिनमें डिजिटल डिवाइड (ग्रामीण इंटरनेट पहुंच और डिजिटल साक्षरता करीब 37 फीसदी है), साइबर सुरक्षा (करीब 15 लाख फ्रॉड केस), डेटा गोपनीयता, बुनियादी ढांचे की कमी, ई कचरा निपटान और नियामकीय चैलेंज शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच, स्पीड और डिजिटल साक्षरता अभी भी कम है। भारत में करीब आठ लाख साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के बावजूद, डेटा दुरुपयोग और गोपनीयता उल्लंघनों की चिंता बनी हुई है। 61 फीसदी कंपनियां डेटा गोपनीयता का दुरुपयोग कर रही हैं। 5जी का अनियमित रोलआउट, और फाइबर-ऑप्टिक कवरेज की कमी, डिजिटल पहुंच को सीमित करती है। मोबाइल इंटरनेट स्पीड (2024) में भारत 25वें स्थान पर था। नीतिगत बदलाव, क्षेत्राधिकारों का ओवरलैप, और स्पेक्ट्रम नीलामी में देरी 5जी रोलआउट और व्यवसायों पर बोझ डालती है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद द्वारा जारी भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था रिपोर्ट, 2025 के अनुसार भारत तीसरी बड़ी वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था है, लेकिन डिजिटल उपयोगकर्त्ता व्यय में हमारा स्थान 28वां है, जो प्रति व्यक्ति डिजिटेक उपयोग में अंतराल को दर्शाता है। भारत एआई (कृत्रिम मेधा) अनुसंधान में 11वें और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 16वें स्थान पर है। डिजिटल मिशन की सफलता के लिए सरकार को डिजिटल डिवाइड को कम करने, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने, बुनियादी ढांचे में सुधार करने, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, ई कचरा का निपटान करने और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के साथ डिजिटल सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

# जीएम कृषि उत्पादों की पैरवी ठीक नहीं



नीति आयोग
डॉ. अश्वनी महाजन

नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में भारत सरकार को सिफारिश की गई है कि वर्तमान में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए। इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों का उदाहरण भी दिया है, जिनके आयात को खोल दिया जाना चाहिए। इस वर्किंग पेपर की सिफारिशों के बाद भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आई है। भारत में खाद उत्पादों में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, लेकिन कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है।

कुछ दिन पहले नीति आयोग के एक वर्किंग पेपर में भारत सरकार को सिफारिश की गई है कि वर्तमान में प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में जैव परिवर्द्धित (जीएम) कृषि उत्पादों के आयात को अनुमति दे दी जाए। इसमें नीति आयोग ने मक्का, सोयाबीन जैसी फसलों का उदाहरण भी दिया है, जिनके आयात को खोल दिया जाना चाहिए। यह भी राय दी गई है कि सरकार इस समझौते में उन कृषि उत्पादों के आयात को भी खोलने का प्रस्ताव करे जिन्हें भारत में या तो पैदा नहीं किया जाता है या उनका उत्पादन इतना कम है कि उनके आयात से किसानों पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। इनमें चावल, काली मिर्च, सोयाबीन तेल, झींगा, चाय, कॉफी, डेयरी उत्पादन, पोल्ट्री, सेब, बादाम, पिस्ता आदि का उदाहरण दिया गया है, जिनके आयात को नीति आयोग ने खोलने की सिफारिश की है।

इस वर्किंग पेपर की सिफारिशों के बाद भारतीय किसान संघ सहित किसान संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया आई है और इस संबंध में नीति आयोग की पुरजोर निंदा भी की गई है। यह कहा गया है कि ये सुझाव किसानों के हितों के प्रतिकूल हैं। भारतीय किसान संघ ने कहा है कि ये सुझाव देश और किसान हितों के खिलाफ हैं। नीति आयोग का अमेरिका के सामने घुटने टेकना अच्छा संकेत नहीं है। दूसरी ओर यह भी खबर है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं में अवरोध आ गया है क्योंकि सरकार अमेरिका की इस मांग की कि भारत, अमेरिका के जीएम कृषि उत्पादों और अन्य कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोले, को मानने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में नीति आयोग का यह वर्किंग पेपर सरकार की स्थिति को समझ नहीं पा रहा है। इसका यह भी मतलब हो सकता है कि नीति आयोग सरकार की जीएम विरोधी स्थिति को बदलने हेतु प्रयास कर रहा है। यह दोनों ही स्थितियां देश के लिए शुभ नहीं हैं। यह पहला अवसर नहीं है कि जब नीति आयोग ने जीएम फसलों की पैरवी की है। इससे पहले प्रो. अरविंद पनगरिया की अध्यक्षता में भी नीति आयोग ने जीएम फसलों के पक्ष में रिपोर्ट जारी की थी। उस समय भी इसका पुरजोर विरोध हुआ था । देश में लंबे समय से जीएम फसलों का विरोध चल रहा है। जीएम के पक्षधरों द्वारा लगातार जीएम के पक्ष में प्रयास किए जाते रहे हैं। लेकिन जीएम के पुरजोर विरोध और ठोस तर्कों के चलते, जीएम समर्थकों को सफलता हाथ नहीं लगी। इनके विरोध के कई कारण हैं- पहला कारण तो यह है कि अधिकांश जीएम फसलें शाकनाशक रोधी यानी हर्बिसाइड टोलरेंट हैं। यानी जब यह फसलें उगाई जाती हैं, तो उसके आसपास के जितने भी शाक हैं ,वे सभी शाकनाशकों द्वारा नष्ट किये जा सकते हैं और जीएम फसलों पर असर नहीं पड़ता। ऐसे वैज्ञानिक तथ्य मौजूद हैं जो यह साबित करते हैं कि यह शाकनाशक, कैंसरकारी यानी 'कोर्सोनेजेनिक' है। गौरतलब है कि जब इन शाकनाशकों का उपयोग जीएम फसलों के उत्पादन के दौरान किया जाता है तो उसके कुछ अवशेष अवश्य उन कृषि उत्पादों में रह जाते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में प्रति लाख जनसंख्या पर 350 कैंसर के मरीज हैं जबकि भारत में यह आंकड़ा 100 प्रति लाख का है। इसका एक कारण जीएम फसलों में इस्तेमाल किए जाने वाले शाकनाशकों का अधिक उपयोग भी है।




हालांकि भारत में खाद उत्पादों में जीएम बीजों का उपयोग और आयात वर्जित है, लेकिन कुछ समय से खाद्य तेलों की कमी के चलते अमेरिका और अन्य देशों से खाद्य तेलों का आयात बढ़ रहा है, जिनमें से कुछ मात्रा में जीएम खाद्य तेलों का भी आयात अनजाने में हो रहा है। यह बात भारत सरकार ने पहले भी स्वीकार की है। इसके कारण भारत में कैंसर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। 2000 में जहां मात्र 8 लाख कैंसर मरीज थे, वर्ष 2024 तक उनकी संख्या 15 लाख तक पहुंच चुकी है। जीएम खाद्य तेलों का सेवन भी एक कारण हो सकता है। जीएम फसलों के आयात के विरोध का दूसरा कारण यह है कि वर्तमान में भारत के नियमों के अनुसार देश में जीएम फसलों के उत्पादन और आयात की अनुमति नहीं है। डब्ल्यूटीओ नियमों के अधीन हर देश को यह अधिकार है कि वह अपने देशवासियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर अन्य देशों से आने वाले सामान पर रोक लगा सके। ऐसा संभव है कि अमेरिका से आने वाले जीएम उत्पादों को देश में आने से रोका जा सके। चूंकि भारत के किसान पहले से ही अपनी उपज के सही मूल्य न पाने के कारण आर्थिक रूप से नुकसान उठा रहे हैं, यदि अमेरिका से सस्ते जीएम उत्पादों को आने की अनुमति दे दी जाती है तो हमारे किसानों को और अधिक नुकसान होगा। ऐसे में किसान यदि कृषि से बाहर होते हैं तो देश की खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ सकती है। तीसरे, भारत के फूड सिक्योरिटी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) द्वारा बनाए गए खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत जीएम उत्पादों की बिक्री संभव नहीं है। ऐसे में देश में जीएम उत्पादों के आयात के बाद वे भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल हो जाएंगे, जिससे देश के नियमों का तो उल्लंघन होगा ही, देशवासियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगेगा। एक चौथा कारण, जो देश में जीएम उत्पादों के आयात के विरोध में जाता है, वो यह है कि जिन जीएम उत्पादों के आयात को खोलने हेतु नीति आयोग ने सिफारिश की है, वो अमेरिका में वास्तव में मनुष्य द्वारा उपभोग नहीं किए जाते। अमेरिका में मक्का और सोया का उपयोग अधिकांशतः जानवरों के चारे के रूप में किया जाता है या एथनॉल बनाने में। ऐसे जीएम उत्पादों का भारत की खाद्य श्रृंखला में शामिल होना देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए ही हानिकारक नहीं है बल्कि यह देशवासियों का अपमान भी है। वैसे तो नीति आयोग में बैठे लोगों द्वारा जीएम उत्पादों की लगातार वकालत की ही जाती है, लेकिन देश में किसानों और प्रबुद्ध वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे विरोध के कारण और न्यायालयों द्वारा इस बाबत अनुमति न मिलने के कारण वे सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में नीति आयोग द्वारा इस प्रकार की सिफारिशें उनकी किसानों के प्रति प्रतिबद्धता, देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की खाद्य सुरक्षा के प्रति उदासीनता की परिचायक हैं।

इसके अलावा, हमें यह भी समझना होगा कि भारत लगभग 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि खाद्य उत्पादों का निर्यात करता है और भारतीय खाद्य पदार्थों का मुख्य आकर्षण यह है कि वे गैर-जीएम टैग वाले होते हैं। जैसे ही जीएम हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, हम अपने निर्यात बाजारों का एक बड़ा हिस्सा खो सकते हैं, क्योंकि मध्य पूर्व के देश और यूरोपीय और कई अन्य देश जीएम खाद्य उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं देते हैं। शायद, नीति आयोग द्वारा भारत में जीएम आयात और उत्पादन से जुड़े इस महत्वपूर्ण जोखिम को नहीं रखा गया है। भारत सरकार को नीति आयोग की इन सिफारिशों को दरकिनार करते हुए, अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में इसे एक तर्क के नाते, देश के किसानों, डेयरी, खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की रक्षा करते हुए, व्यापार युद्ध में एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहिए।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## यूनेस्को रिपोर्ट
मनोज कुमार अग्रवाल



# दुनिया में शिक्षा से वंचित 27 करोड़ बच्चे, सरकारें दें ध्यान

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनेस्को की वैश्विक धरातल पर ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि लगभग 27 करोड़ 20 लाख से अधिक बच्चे दुनियाभर में शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। यह रिपोर्ट न केवल मनोवैज्ञानिक धरातल पर चौंकाती है, अपितु विश्व के अति ग़रीब और विकासशील देशों में आज भी करोड़ों बच्चों को समुचित शिक्षा न मिल पाने संबंधी चिन्ताजनक हालात को बयान करती है। एक ओर दुनिया के तमाम देश हथियारों की अंधी दौड़ में शामिल हैं और अपने कुल बजट का बड़ा हिस्सा हथियारों पर खर्च कर देते हैं। बता दें कि वैश्विक स्तर पर, 2023 और 2024 के बीच शिक्षा सहायता में 12% की गिरावट और 2027 तक 14% की और कटौती होने के कारण कुल शिक्षा सहायता में 2027 तक एक-चौथाई की गिरावट आने की आशंका है। यह निम्न आय वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सहायता सार्वजनिक शिक्षा व्यय का 17% है और जहां कटौती से कुछ शिक्षा बजट आधे हो सकते हैं। 2030 तक अपने शिक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशों को प्रति वर्ष लगभग 100 बिलियन डॉलर का वित्तीय घाटा उठाना होगा। वैश्विक स्तर पर सरकारों, परिवारों और दानदाताओं द्वारा कुल शिक्षा व्यय में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इससे प्रति बच्चे के आवंटन में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चिन्ता यह भी उपजती है कि विश्व धरातल पर अधिकतर देश शिक्षा संबंधी अपने निर्धारित लक्ष्यों से पिछड़ते जा रहे हैं। इस कारण यह आशंका भी उभरती है कि वर्ष 2025 के अन्त तक शिक्षा से वंचित रहने वाले विश्व भर के बच्चों की संख्या ताज़ा रिपोर्ट के आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने के वैसे तो अनेक कारण बताये जा सकते हैं किन्तु वर्तमान में दो बड़े कारण उभर कर सामने आते हैं। इनमें से एक तो यह है कि विश्व देशों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विकासशील और ग़रीब देशों में स्कूलों में नये प्रवेशार्थियों की संख्या में 80 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है जोकि कुल वृद्धि का 38 प्रतिशत बनती है। मौजूदा व्यवस्था इतनी बड़ी संख्या को सम्भाल पाने में समर्थ नहीं है। शिक्षा के अधिकार से वंचित कुल 27 करोड़ 20 लाख बच्चों में से 11 प्रतिशत अर्थात 7.80 करोड़ प्राइमरी स्कूलों से हैं। सैकेंडरी स्कूल तक के वंचित बच्चों की संख्या 6.40 करोड़ अर्थात कुल संख्या का 15 प्रतिशत और सर्वाधिक संख्या 13 करोड़ यानि 31 प्रतिशत सैकेंडरी से ऊपरी शिक्षा वाले बच्चों की है। स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु न जा पाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का एक और बड़ा कारण अफगानिस्तान और इसके जैसे कुछ अन्य अफ्रीकी कट्टरपंथी देशों में लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति के अधिकार पर लगाया गया प्रतिबन्ध है। ऐसे देशों में लड़कियों की शिक्षा पर भांति-भांति के प्रतिबन्ध लगाये जाने से संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था की इस संबंधी रिपोर्ट के आंकड़ों में भारी इज़ाफा हुआ है। वैश्विक धरातल पर बढ़ती जन-आबादी भी स्थितियों की इस भयावहता के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। बढ़ी आबादी में 6 से 17 वर्ष तक के बच्चों की संख्या कुल आबादी वृद्धि का 3.1 प्रतिशत अर्थात 4.90 करोड़ है। प्रायः इस आयु को स्कूल जाने वाले बच्चों का आधार रूप माना जाता है। स्कूल शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या में वृद्धि निरन्तर होते जाने का एक और बड़ा कारण विश्व-देशों में हो रहे युद्धों और छिट-पुट लड़ाइयों को भी माना जाता है। इनसे एक ओर जहां देशों में निष्क्रमण और प्रवासन बढ़ता है, वहीं आर्थिक स्थितियों का अवसान भी होता है। ये दोनों स्थितियां स्कूली उम्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। यह संकेत भी प्राप्त होता है कि ये आंकड़े कम दर्ज किए गए हैं, क्योंकि विश्व के अनेक भागों में, भिन्न-भिन्न देशों में बाहरी, आपसी और भीतरी सशस्त्र टकराव चल रहे हैं जिनके कारण भीतर तक जा पाना संयुक्त राष्ट्र संघ जांच दलों के सदस्यों के लिए सम्भव नहीं था। यूनेस्को की रिपोर्ट हर साल शिक्षा की स्थिति पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिसमें शिक्षा में असमानता, शिक्षा तक पहुंच, गुणवत्ता और समावेशिता जैसे मुद्दे शामिल हैं। 2024 की रिपोर्ट में, लगभग दस वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाली आबादी में केवल 1% की कमी आई है और शिक्षा में लगातार कम निवेश, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में, इसका एक मुख्य कारण है। यूनेस्को के अनुसार 2025 तक, 75 मिलियन बच्चों के और स्कूल जाने से वंचित होने की आशंका है। भारत की स्थिति भी शिक्षा के मामले में विशेष बेहतर नहीं है। बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों का भारी अभाव लगातार हमारी शिक्षा तंत्र को ढलान पर ला रहे हैं। विश्वभर में शिक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित
दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है, जिसने जन्म लेकर भगवान के दिए हुए इस शरीर का सदुपयोग कर लिया। यह मनुष्य शरीर बड़े भाग्य से मिला है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्यों प्यासी है भारत की धरती

भारत दुनिया की 18 फीसदी आबादी और मात्र 4 फीसदी ताजे जल संसाधनों के साथ गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। भूजल का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, असंतुलित खेती और जलवायु परिवर्तन इसके प्रमुख कारण हैं। सरकारी योजनाओं और नीतियों के बावजूद कार्यान्वयन और जनभागीदारी की कमी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देना, जल की कीमत तय करना और पुनर्चक्रण को अनिवार्य बनाना समय की मांग है। जब तक नीति, व्यवहार और चेतना एक साथ नहीं बदलते, तब तक जल संकट भारत के भविष्य को चुनौती देता रहेगा। जल का संकट ऐसी विडंबना बन चुका है, जो हमारी योजनाओं, घोषणाओं और नीतियों पर सवाल उठाता है।

*– शरद सक्सेना, धमतरी*

## ट्रेंड

### सहकारी संघवाद



जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### क्वांटम प्रौद्योगिकी



1995 में, मैंने युवाओं को सशक्त बनाने और राज्य के विकास के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए नौकरियों का सृजन करने के लिए आंध्र प्रदेश में आईटी क्रांति का नेतृत्व किया था। आज, 2025 में, मैं क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए भी यही प्रतिबद्धता दिखा रहा हूँ।
-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### जीएसटी में सुधार नहीं



आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया था।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### हिंदी का विरोध



मैं तो समझता था हिंदी का विरोध सिर्फ साउथ में होता है। मुझे नहीं पता था कि महाराष्ट्र में भी इसका विरोध हो सकता है। कोई बताएगा इन्हें कि हम एक राष्ट्र में जी रहे हैं। एक राज्य में नहीं।
-मुकेश खन्ना, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन की 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' सेवा होगी समाप्त



बकिंघम पैलेस ने कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है तथा अधिक उन्नत रेल प्रणालियों के लिए इसमें महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता होगी। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है और इसे किसी भी व्यावसायिक इंजन से जोड़ा जा सकता है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था। शाही महल के वित्तीय मामलों के प्रभारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, 'भविष्य की ओर बढ़ते हुए हमें अतीत से बंधे नहीं रहना चाहिए। जिस तरह शाही परिवार के अन्य कामकाज आधुनिक हुए हैं, उसी तरह अब समय आ गया है कि हम इस परंपरा को सम्मानपूर्वक विदाई दें।' इस निर्णय की घोषणा शाही खर्चों पर पैलेस के वार्षिक सम्मेलन के दौरान की गयी। शाही परिवार को लगातार चौथे वर्ष 11.8 करोड़ डॉलर का सार्वजनिक वित्त पोषण प्राप्त होगा, जिसमें मार्च 2026 तक 12 महीनों में बकिंघम पैलेस की मरम्मत के लिए 4.38 करोड़ डॉलर शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# एचआईवी का इलाज उपलब्ध फिर भी उपचार की खोज?




एचआईवी के इलाज और रोकथाम के लिए बीते तीन दशक में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और आधुनिक दवाओं की मदद से एचआईवी अब एक ऐसा संक्रमण बन चुका है जिसका इलाज हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि कोई एचआईवी संक्रमित व्यक्ति समय पर और नियमित रूप से एंटीरेट्रोवायरल दवाएं लेता है, तो उसकी जीवन प्रत्याशा लगभग सामान्य होती है। साथ ही ये दवाएं संक्रमण को दूसरे व्यक्तियों तक फैलने से भी रोकती हैं। हालांकि, एचआईवी का कोई प्रभावी टीका अब तक विकसित नहीं हुआ है। लेकिन उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए संक्रमण से बचाव के लिए प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (पीआरईपी) नामक प्रभावी दवाएं उपलब्ध हैं, जो रोजाना या जरूरत के अनुसार ली जा सकती हैं। हाल ही में अमेरिका में छह महीने तक सुरक्षा देने वाला इंजेक्शन भी स्वीकृत हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचआईवी की दवाएं और पीआरईपी तभी कारगर हैं जब उनकी सतत आपूर्ति बनी रहे। लेकिन विश्व के कई हिस्सों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमाएं, दवाओं की महंगी कीमत और राजनीतिक अस्थिरता इन उपायों को फलीभूत होने की बात तो दूर, उन्हें कमजोर बना देती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### नीरज क्लासिक से एंडरसन पीटर्स ने लिया नाम वापस

**बेंगलुरु ।** विश्व चैम्पियनशिप के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी एंडरसन पीटर्स टखने की चोट के कारण मंगलवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक से हट गए, जिससे पांच जुलाई को होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को एक और झटका लगा। ग्रेनेडा के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में नीरज के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता था। शनिवार को होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में उनकी जगह पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिग्लोड को शामिल किया गया है। मिर्जिग्लोड 2019 के यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.97 मीटर है जो उन्होंने इसी पर प्रतियोगिता के दौरान हासिल किया था।



### रेलवे को टीम खिताब नीतू-लवलीना को गोल्ड

**हैदराबाद।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां संपन्न एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित नौ पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। अंतिम दिन विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघास (हरियाणा), ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (टॉप्स) और विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (साई एनसीओई) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। साई एनसीओई की संयुक्त टीम ने दो स्वर्ण सहित सात पदक हासिल किए, जबकि टॉप्स कोर एवं डेवलपमेंट टीम ने तीन स्वर्ण पदक जीते। रेलवे के स्वर्ण पदक विजेताओं में बेबीरोजाना चानू (57 किग्रा), प्राची (60 किग्रा) और ज्योति (51 किग्रा) शामिल हैं। ज्योति को रिंग में उतरे बिना ही स्वर्ण पदक मिला क्योंकि तेलंगाना की निकहत जरीन चोट के कारण फाइनल से हट गईं।

### साक्षी, जैस्मीन और लक्ष्य चाहर क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाज साक्षी, लक्ष्य चाहर और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी ने महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को सर्वसम्मति से 5-0 से हराया। जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनूर मिकायिलोवा को इसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। लक्ष्य ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4-1 से हराया। हालांकि, मनीष राठौर पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी बिमल लाकड़ा अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों (2022) में रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य बिमल लाकड़ा को सिर में गंभीर चोट लगने के बाद मंगलवार को रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारत के पूर्व मिडफील्डर लाकड़ा सोमवार को सिमडेगा उपखंड में अपने गांव में खेत में काम करते समय गिरने के बाद बेहोश हो गए थे। इस 45 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी को सिमडेगा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने पीटीआई को बताया, ''वह अब स्थिर हैं। झारखंड के खेल मंत्री ने आज उनसे मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# लियोन की हुंकार...भारत में सीरीज जीते बिना संन्यास नहीं लेने वाला

एजेंसी ▶▶| सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)

आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं । सैतीस वर्ष के ऑफ स्पिनर लियोन ने आस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं । भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। आस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने कहा, ' मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, ' हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में




शानदार प्रदर्शन करना है । इसके बाद एशेज खेलनी है। मेरी नजरें एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर भी है।'लियोन ने आस्ट्रेलियाई टीम में 'सांग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सौंप दिया है जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। आस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है, जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने लियोन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। लियोन ने कहा, ' मैंने 12 साल तक यह जिम्मेदारी निभाई। यह मेरे कैरियर की बड़ी उपलब्धि रही लेकिन इसे छोड़ने का मतलब यह कतई नहीं है कि मैं संन्यास ले रहा हूं।

## सॉन्ग मास्टर का जिम्मा एलेक्स को सौंपा



*नाथन लायन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में 'सॉन्ग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर एलेक्स कैरी को सौंप दिया है, जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। ऑस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बैटर माइकल हसी ने लायन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी।*

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से

# 58 साल का सूखा खत्म करने एजबेस्टन में उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम के एजबेस्टन में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार से खेला जाएगा। इस मैदान पर अब तक भारतीय टीम जीत दर्ज नहीं कर पाई है। टीम इंडिया ने इस मैदान पर सबसे पहला मैच 1967 में खेला था। 58 साल में यहां किसी भारतीय कप्तान ने जीत हासिल नहीं कर पाई है। हालांकि, शुभमन गिल के पास अपना नाम इतिहास की किताबों में दर्ज कराने का मौका होगा। अगर वह 58 वर्षों का सूखा खत्म करने में कामयाब होते हैं तो बर्मिंघम के एजबेस्टन में जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय कप्तान बनेंगे।

### एजबेस्टन में भारत का इतिहास

भारत ने 1967 में जब पहली बार एजबेस्ट में टेस्ट मैच खेला था तो मंसूर अली खान पटौदी कप्तान रहे थे। तब इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 132 रन से हराया था। इसके बाद 1974 में भारत ने इस मैदान पर दूसरी बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेला, तब अजीत वाडेकर कप्तान रहे थे। भारत को उस मुकाबले में भी पारी और 78 रन से हार का सामना करना पड़ा था। फिर 1979 में भारत ने एस. वेंकटराघवन की कप्तानी में तीसरा मुकाबला खेला। उस टेस्ट में इंग्लिश टीम ने भारतीय टीम को पारी और 83 रन से शिकस्त दी थी। 1986 में टीम इंडिया ने एजबेस्टन में कपिल देव की कप्तानी में टेस्ट खेला। यह मैच ड्रॉ रहा था और रिकॉर्ड के हिसाब से कपिल




एजबेस्टन में टेस्ट ड्रॉ कराने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं। आंकड़ों के हिसाब से वह एजबेस्टन में सबसे सफल भारतीय कप्तान भी हैं। इसके बाद टीम इंडिया 10 साल तक एजबेस्टन के मैदान से दूर रही। फिर 1996 में मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में टीम इंडिया इस मैदान पर टेस्ट मैच खेलने उतरी। उस मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को आठ विकेट से हराया था। 2011 में जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में टेस्ट खेला तो इंग्लैंड ने पारी और 242 रन से जीत दर्ज की। 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने एजबेस्टन में टेस्ट खेला और 31 रन से भारतीय टीम को हार मिली। 2021-22 में भारत के इंग्लैंड दौरे पर चार टेस्ट भारतीय टीम ने विराट कोहली की कप्तानी में खेले, लेकिन पांचवां टेस्ट कोरोना की वजह से स्थगित हो गया था। इसे 2022 में अगस्त में खेला गया था। तब तक कोहली कप्तानी से हट चुके थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने टीम इंडिया की कप्तानी की और भारत यह टेस्ट सात विकेट से हार गया। इस मुकाबले से पहले तक भारत 2-1 से सीरीज में आगे थे। अगर मैच तभी हुआ होता तो कोहली के पास भी इतिहास रचने का मौका था। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका।

## इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिए भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

बर्मिंघम। भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा, जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा, ' रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, ' टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं।' बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है । इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं । इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले।



एशियाई कप क्वालीफायर

# भारतीय महिला टीम आज इराक को देगी चुनौती



एजेंसी ▶▶| चियांग माइ (थाईलैंड)

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को यहां 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी।

अपने शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा अंदाज में जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी खिलाड़ियों के साथ प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी। तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद छह अंकों और प्लस 17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर प्लस 11 है। इराक पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके चार अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में पांच जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी।

### सकारात्मक सोच के साथ मैदान उतरेगी टीम : छेत्री

भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से तीन अंक हासिल करने पर है। छेत्री ने कहा, 'थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि थाईलैंड या हमने कितने गोल किए हैं या कितने गोल करेंगे। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है।' विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। टीम को हालांकि मेजबान थाईलैंड से 0-7 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में भारत से 103 स्थान नीचे काबिज इराक के बारे में पूछे जाने पर छेत्री ने कहा, 'मैं इराक की टीम को उतना कमजोर नहीं मानता हूं, जितना लोग सोचते होंगे।

विंबलडन

# अल्काराज ने मैराथन मुकाबले में फोगनिनी को दी शिकस्त




एजेंसी ▶▶| लंदन

गत दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विंबलडन के पहले दौर के मुकाबले में 38 बरस के फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के 22 वर्ष के अल्काराज ने आखिर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा, ' मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विंबलडन क्यों है, जिस तरह से वह खेल रहे थे, मुझे लगा कि वह तीन चार साल और खेल सकते हैं।' फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ' मुझे लगा नहीं था कि उसके खिलाफ मैच पांच सेट में जाएगा । मेरे पास भी मौके थे।' फोगनिनी विंबलडन में 15 बार खेले हैं लेकिन कभी तीसरे दौर से आगे नहीं जा सके। इस साल वह ग्रैंडस्लैम में छह मुकाबले खेले और सभी में पराजय मिली।

### सिनर ने प्रभावशाली जीत से किया विम्बलडन का आगाज

लंदन। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने विम्बलडन में मंगलवार को यहां इटली के हमवतन लुका नारडी के खिलाफ 6-4, 6-3, 6-0 की जीत से अपने अभियान का शानदार आगाज किया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर अपने पहले विंबलडन खिताब की तलाश में हैं। वह 2023 में ऑल इंग्लैंड क्लब में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। सिनर को फ्रेंच ओपन के फाइनल में पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में कार्लोस अलकाराज से हार का सामना करना पड़ा था। सिनर ने विम्बलडन में शानदार शुरुआत के बाद प्रसारकों से कहा, ''शुरुआती मुकाबले कभी आसान नहीं होते, इसलिए मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह एक नया टूर्नामेंट, नया मौका और नयी चुनौतियां है। एक समय में आप एक प्रतिद्वंद्वी से खेलने के बारे में सोचते है।'' सिनर के सामने दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिक की चुनौती होगी।n जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में 'आउट' कह रही है। विंबलडन में तीन बार के विजेता और अब कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे जॉन मैकेनरो ने भी इस बदलाव का स्वागत किया।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

## स्मृति की टॉप-3 में एंट्री इंग्लैंड के खिलाफ शतक जड़ने का हुआ फायदा

**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई । वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी । मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे, जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है, जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है।



# यूरोप दौरे के लिए हॉकी टीम की घोषणा, 8 से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित किया गया है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा ,'इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल



का हिस्सा बन सकेंगे।'भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम. रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे, जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा, ' यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह के बारे में पता चलेगा ।

### संभावित टीम

**टीम :** गोलकीपर : पवन, मोहित एच शशिकुमार, डिफेंडर : प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), मिडफील्डर : पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह **फॉरवर्ड** : अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह **स्टैंडबाय** : अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

साल 2002 के बाद से कोई अफ्रीकी नहीं कर पाया यह कारनामा

# कोर्बिन ने रचा इतिहास, विदेशी सरजमीं में जड़ा शतक, झटके पांच विकेट


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोर्बिन बॉश ने साउथ अफ्रीका के लिए मंगलवार को इतिहास रचने का काम किया। जो काम साउथ अफ्रीका के लिए अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कोई नहीं कर पाया था, वो काम कोर्बिन बॉश ने कर दिया। उन्होंने पहले तो मैच में सेंचुरी ठोकी और इसके बाद पांच विकेट भी अपने नाम लिए।

साल 2002 के बाद से अब तक कोई भी साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ये काम नहीं कर पाया था, लेकिन अब कोर्बिन बॉश ने लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है। इस बीच इन सभी प्लेयर्स ने शतक लगाने और पांच विकेट लेने का कारनामा अपने घर पर किया था, लेकिन कोर्बिन बॉश ने विदेशी सरजमीं पर ये काम कर दिया। यानी घर के बाहर ये कारनामा करने वाले कोर्बिन बॉश साउथ अफ्रीका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैच की दूसरी पारी में कोर्बिन बॉश नंबर आठ पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। उन्होंने 124 बॉल का सामना कर 100 रनों की पारी खेली और आखिर तक आउट भी नहीं हुए। साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी 9 विकेट के नुकसान पर 418 रन बनाकर घोषित कर दी थी। इस दौरान कोर्बिन बॉश ने 10 चौके लगाए। इसके बाद जब वे गेंदबाजी के लिए आए तो पांच विकेट भी अपने नाम कर लिए।

### जिमी सिंक्लेयर ने साल 1899 में पहली बार द. अफ्रीका के लिए रचा था इतिहास

जिमी सिंक्लेयर साउथ अफ्रीका के ऐसे पहले खिलाड़ी थे,जिन्होंने एक ही टेस्ट में शतक लगाया और पांच विकेट भी अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। ये काम जिमी सिंक्लेयर ने साल 1899 में इंग्लैंड के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में किया था। इसके बाद साल 1910 में ऑब्रे फॉल्कनर ने फिर से यही काम इंग्लैंड के खिलाफ किया। इस बार मैदान जोहानसबर्ग का था।



### कैलिस ने दो बार एक ही मैच में लगाया शतक और झटके पांच विकेट


इसके बाद लंबे इंतजार के बाद ये काम जैक कैलिस ने किया था। हालांकि जैक कैलिस साउथ अफ्रीका के लिए ये कमाल दो बार करने वाले खिलाड़ी हैं। पहली बार उन्होंने साल 1999 में वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाने के साथ पांच विकेट लिए और इसके बाद साल 2002 में पोटचेफस्ट्रूम में कारनामा किया था।




## खबर संक्षेप

### 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' सेवा समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी।



बकिंघम पैलेस ने कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है तथा अधिक उन्नत रेल प्रणालियों के लिए इसमें महत्वपूर्ण बदलाव की आवश्यकता होगी। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है और इसे किसी भी व्यावसायिक इंजन से जोड़ा जा सकता है।

### स्पेन में 29 जून अब तक का सबसे गर्म दिन रहा

**मैड्रिड।** यूरोप के स्पेन में सबसे ज्यादा गर्मी है, जहां के ज्यादातर इलाकों में 29 जून को तापमान 46 डिग्री दर्ज किया गया, जो देश का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा।



इससे पहले स्पेन के सेविले में आखिरी बार जून, 1965 में 45.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। एल ग्रैनाडो शहर में शनिवार को 46 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया, हर्जेगोविना, हंगरी, सर्बिया, स्लोवेनिया में भी हीटवेव जारी है।

## द्विपक्षीय समझौते के तहत हुई कार्रवाई

# भारत व पाक ने जेलों में बंद नागरिकों की सूची साझा की

- **भारत ने 26 भारतीयों से संपर्क की अनुमति मांगी**
- **80 लोगों की पाक नागरिकता पुष्टि की मांग**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान ने मंगलवार एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। नई दिल्ली और इस्लामाबाद में यह आदान-प्रदान राजनयिक माध्यमों से एक साथ किया गया। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह प्रक्रिया साल 2008 के द्विपक्षीय कांसुलर एक्सेस समझौते के तहत होती है। इस समझौते के अनुसार, हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को ऐसी सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है। भारत ने पाकिस्तान को अपने पास मौजूद 382 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों के नामों की सूची दी, जो पाकिस्तानी हैं या जिन्हें पाकिस्तानी माना जाता है।

### 2,661 मछुआरे और 71 नागरिक वापस लाए

भारत सरकार ने कहा कि वह मानवीय मामलों को प्राथमिकता के साथ हल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें एक-दूसरे के देश में बंद कैदी और मछुआरे भी शामिल हैं। इसी क्रम में, भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि वह 80 ऐसे लोगों की नागरिकता की पुष्टि जल्द करे, जिन्हें भारत ने पाकिस्तानी माना है और जिनकी वापसी इस पुष्टि के अभाव में रुकी हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा, सरकार के निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि 2014 से अब तक पाकिस्तान से 2,661 भारतीय मछुआरों और 71 भारतीय नागरिक कैदियों को भारत वापस लाया गया है। इसमें 2023 से अब तक 500 मछुआरे और 13 नागरिक कैदी भी शामिल हैं।

### संरा सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बना पाक

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। देश की सरकारी मीडिया ने जानकारी दी। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाक जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और 193 में से 182 वोट मिले थे।

## अमेरिका के मैनहट्टन से विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान को दो टूक

*ये भी बोले- पहलगाम आतंकी हमला एक आर्थिक युद्ध था*

# परमाणु धमकी से हम डरने वाले नहीं अब न्यूक्लियर ब्लैकमेल का दौर खत्म

*जयशंकर ने साफ किया कि हमने तय किया कि अब आतंकवादियों को बिना सजा के छोड़ना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों को प्रॉक्सी मानकर पाकिस्तान सरकार को बख्शेगा नहीं, जो इन्हें समर्थन, फंडिंग और प्रोत्साहन देती है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में कहा कि पाकिस्तान से आने वाले आतंकवाद का भारत करारा जवाब देगा। भारत अब न्यूक्लियर हथियारों की धमकी से डरने वाला नहीं हैं।

अब यह डर दिखाने का वक्त चला गया है कि दोनों देश परमाणु ताकतें हैं इसलिए भारत को संयम बरतना चाहिए। अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो हम भी जवाब देंगे और सीधा उनपर जो हमला करते हैं। न आतंकियों को छूट मिलेगी, न उनके आका सुरक्षित रहेंगे। जयशंकर ने साफ किया कि हमने तय किया कि अब आतंकवादियों को बिना सजा के छोड़ना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों को प्रॉक्सी मानकर पाकिस्तान सरकार को बख्शेगा नहीं, जो इन्हें समर्थन, फंडिंग और प्रोत्साहन देती है।

> पाकिस्तान हमला करेगा तो हम जवाब देंगे

> अमेरिका के साथ भारत एक जटिल व्यापार वार्ता के बीच में

> भारत इजराइल, ईरान और आईएईए को मदद के लिए तैयार



### पहलगाम हमले का बदला लिया

जयशंकर ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 6-7 मई की आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। सिर्फ 25 मिनट चले ऑपरेशन में 7 शहरों में 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने हैं। हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।

### पर्यटन उद्योग कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़

जयशंकर ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला एक सोचा समझा आर्थिक युद्ध था। इसका मकसद कश्मीर में पर्यटन उद्योग को बर्बाद करना था। यह हमला पर्यटन पर हमला था, जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आतंकी चाहते थे कि लोग डरें, पर्यटक न आएं और घाटी का आर्थिक ढांचा टूट जाए। जयशंकर ने कहा कि हमलावरों ने धार्मिक पहचान के आधार पर लोगों को अलग किया और फिर हत्या की, ताकि सांप्रदायिक तनाव फैल सके।

### हमारे हमले से डरा पाकिस्तान

जयशंकर ने बताया कि 9 मई की रात पाकिस्तान ने भारत पर बड़ा हमला करने की धमकी दी थी। मैं उस कक्ष में मौजूद था जब उपराष्ट्रपति (जेडी) वेंस ने 9 मई की रात को पीएम नरेंद्र मोदी से बात की थी और कहा था कि अगर हमने कुछ बातें नहीं मानीं तो पाकिस्तान भारत पर बहुत बड़ा हमला करेगा। पीएम पाकिस्तानियों की धमकियों से प्रभावित नहीं हुए। इसके विपरीत उन्होंने संकेत दिया कि हमारी ओर से इसका जवाब दिया जाएगा। यह उससे एक रात पहले की बात है जब पाकिस्तानियों ने हम पर बड़े पैमाने पर हमले किए और हमने उसका बहुत तेजी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगली सुबह विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मुझे फोन किया और कहा कि पाकिस्तानी बातचीत के लिए तैयार हैं।

### हमारा चीन और अमेरिका से अच्छा तालमेल

*जयशंकर ने कहा कि भारत पड़ोसी चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हमारा अमेरिका के साथ बहुत अच्छा तालमेल है। अमेरिका के साथ हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के बीच में हैं, उम्मीद है कि हम इसे एक सफल निष्कर्ष पर ले जाएं। मुझे लगता है कि हमें अगले कुछ दिनों तक इस पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत इजराइल, ईरान, अमेरिका या आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) के लिए किसी भी प्रकार की मदद के लिए तैयार है।*

# विदेशी जहाज में लगी आग बुझाई 14 भारतीयों की जान भी बचाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपनी तेज प्रतिक्रिया और समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए समुद्री जहाज पर लगी आग पर काबू पाया है। नौसेना ने समुद्र में संकट की घड़ी में अपनी वीरता और तत्परता का परिचय देते हुए अरब सागर में एक विदेशी तेल जहाज में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया। इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री जहाज पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया।

**खास बातें**

- 19 नौसेना कर्मियों ने जहाज पर पहुंचकर दमकल ऑपरेशन को दी मजबूती
- ऑपरेशन में सभी लोग सुरक्षित, जहाज पर तापमान की निगरानी की जा रही



### नौसेना की फायरफाइटिंग टीम ने किया कमाल

मामले में आईएनएस तबर से 6 सदस्यीय फायर फाइटिंग टीम ने तुरंत जहाज पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। प्रारंभिक प्रयासों में धुएं को इंजन रूम तक सीमित कर लिया गया। बाद में 13 अतिरिक्त नौसेना कर्मियों (5 अफसर और 8 नाविक) भेजे गए, जिससे दमकल ऑपरेशन को मजबूती मिली। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी को कोई चोट नहीं आई और सभी 14 भारतीय क्रू मेंबर्स को मेडिकल टीम ने जांच कर सुरक्षित घोषित किया। आईएनएस तबर घटना स्थल के पास मौजूद है ताकि जरूरत पड़ने पर और मदद दी जा सके। नौसेना का कहना है कि लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है।

## सब्सिडी बंद की तो दुकान बंद कर 'मस्क' को अफ्रीका लौटना पड़ेगा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा। ट्रंप के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे। ट्रंप ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि डीओजीई इस मामले की विस्तृत जांच करे। इससे देश का पैसा बचेगा। ट्रंप ने कहा कि मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से बहुत पहले ही पता था कि मैं ईवी मैंडेट के खिलाफ हूं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अच्छी हैं, लेकिन हर इंसान को इन्हें खरीदने के लिए मजबूर करना गलत है।



## निजी निवेश बढ़ा पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गईं वित्त मंत्री मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पेन के सेविले में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच के शिखर सम्मेलन के दौरान सतत विकास के लिए निजी पूंजी जुटाने की जोरदार वकालत की। उन्होंने 'एफएफडी4 परिणाम से कार्यान्वयन तकः सतत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता को अनलॉक करना' शीर्षक पर अपनी राय रखी। सीतारमण ने कहा कि हाल के वर्षों में निजी निवेश ने उत्साहजनक वृद्धि दिखाई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। निजी पूंजी निवेश अब भी आवश्यकता से काफी कम है, कम और मध्यम आय वाले देशों को अनुपातहीन रूप से छोटा हिस्सा मिल रहा है। निवेश बाधाओं को दूर करने और विकास प्राथमिकताओं के साथ वित्तीय प्रवाह को बेहतर करने के प्रयासों की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने उभरते बाजारों में कथित निवेश जोखिमों को संबोधित करने के महत्व पर भी जोर दिया। भारत ने इन चुनौतियों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत ने स्वतंत्र विनियामकों की स्थापना, पारदर्शी बोली प्रक्रियाओं को लागू करने, अनुबंधों को मानकीकृत करने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करके इस चुनौती का समाधान किया है।



## नौसेना में शामिल हुआ बहुआयामी स्टेल्थ फ्रिगेट 'तमाल'

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच अरब सागर में नौसेना की युद्धक क्षमता में चार चांद लग गए हैं। इसके पीछे की बड़ी वजह बल के जंगी बेड़े में शामिल किया गया अत्याधुनिक बहुआयामी स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस 'तमाल' है। जिसे रूस के केलिनग्राद में मौजूद यांतर शिपयार्ड में आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया। नौसेना की मुंबई स्थित पश्चिमी कमांड के प्रमुख यानी वाइस एडमिरल संजय.जे.सिंह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। तमाल की एक खास बात ये है कि भले ही इसका निर्माण रूस ने किया हो। लेकिन इसमें दोहरी भूमिका वाली लंबी दूरी की ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल और हमसा एनजी सोनर सिस्टम के साथ कुल 26 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। **इंद्र की तलवार से प्रेरित नाम :** इस युद्धपोत का नाम भारत की प्राचीन पौराणिक कथाओं में मौजूद देवताओं के राजा इंद्र की शक्तिशाली तलवार तमाल से प्रेरित है। इसका प्रतीक चिन्ह रामायण में अत्यंत आदरणीय माने जाने वाले योद्धा जामवंत और रूस के भूरे रंग के भालू के मिश्रण से बनाया गया है। जो दोनों देशों के गहरे-मजबूत संबंधों को प्रदर्शित करता है।




## कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ फोन कॉल ऑडियो लीक का मामला

*नैतिकता के उल्लंघन के आरोप पर याचिका पर हुई सुनवाई*

# थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा को कोर्ट ने किया सस्पेंड, अब बनाई गईं संस्कृति मंत्री

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की संवैधानिक कोर्ट ने पूर्व कंबोडियाई पीएम हुन सेन के साथ लीक हुई फोन कॉल के मामले की जांच पेंडिंग रहने तक पीएम पैटोंगटार्न शिनावात्रा को पद से सस्पेंड कर दिया है। जजों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से उन पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की और पीएम शिनावात्रा को ड्यूटी से सस्पेंड करने के पक्ष में 7-2 से मतदान किया। शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के लिए बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को एक सैन्य टकराव शामिल था। इस संघर्ष में एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था। सीमा विवाद पर कूटनीति में लगे रहने के दौरान लीक हुए फोन कॉल ने शिनावात्रा के खिलाफ शिकायतों और सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों की झड़ी लगा दी।



### कैबिनेट में हुआ फेरबदल

*इस फेरबदल में पूर्व डिप्टी पीएम अनुतिन चारविरकुल को पद से हटाया गया, जो भूमजैथई पार्टी के नेता थे, जिन्होंने फोन कॉल लीक के बाद सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। अनुतिन की जगह फुमथम वेचायाचाई की नियुक्ति की गई है, जो पहले रक्षा मंत्री थे और अब उन्हें गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। रक्षा मंत्री का पद खाली छोड़ दिया गया और उप मंत्री को कार्यवाहक मंत्री बनाया गया है। शिनावात्रा ने खुद संस्कृति मंत्री का पद संभाला है।*

### दुश्मन देश के नेता को 'अंकल' बुलाया

*सीमा विवाद को सुलझाने के लिए शिनावात्रा ने कंबोडिया के ताकतवर नेता हुन सेन के साथ फोन पर बातचीत की थी, जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग लीक हो गई। इस फोन कॉल के दौरान दोनों नेताओं ने सीमा विवाद पर चर्चा की और बातचीत में शिनावात्रा ने हुन सेन को 'अंकल' कहकर संबोधित किया। साथ ही कहा कि अगर उन्हें कुछ चाहिए तो वह उसका ख्याल रखेंगी। इसके अलावा शिनावात्रा ने थाई सैन्य कमांडर को अपना 'प्रतिद्वंद्वी' बताया, जिसके कारण पीएम की काफी आलोचना हुई और उन पर दुश्मन देश के आगे घुटने टेकने का आरोप लगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25